CMYK

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 1 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 16 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 12 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




केंद्रीय बजट 2026-27 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद पेज 2



रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता खेल टाइम्स



बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला, 10 पुलिसकर्मियों की मौत पेज 11



शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा बॉलीवुड

## अजित पवार के निधन के चौथे दिन पत्नी सुनेत्रा बनीं डिप्टी सीएम

मुंबई/बारामती, वार्ता

**अजित पवार की** पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की चार दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।मुंबई में सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के बीच सांसद सुप्रिया सुले अजित पवार की मां आशाताई पवार से मिलने के लिए काटेवाड़ी पहुंचीं। प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, छगन भुजबल और अन्य नेता व महाराष्ट्र विधान परिषद की डिप्टी चेयरपर्सन डा. नीलम गोर्हे सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए लोक भवन पहुंचीं। सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद एनसीपी नेताओं ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात की। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुना गया है। अब हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे, सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी। पार्थ पवार ने बारामती में शरद पवार के घर जाकर उन्हें मनाया।



■ महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम
■ महज 12 मिनट में हुआ शपथ ग्रहण, शरद पवार नहीं पहुंचे

### मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी।

## चांदी 1.28 लाख रुपये हुई सस्ती व सोना भी 40 हजार टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चांदी ऑल-टाइम हाई से घटकर 1.28 लाख सस्ती हो गई, सोना भी 40,000 टूट गया। जानकारों के अनुसार सोने-चांदी में वापसी की पूरी संभावना है। दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में बीते 2 दिनों से भारी गिरावट देखी जा रही है।

31 जनवरी को भी इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। हालांकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज शनिवार को बंद था। एमसीएक्स में ट्रेडिंग शनिवार और रविवार को नहीं होती है। एक फरवरी को एमसीएक्स खुला रहेगा, लेकिन पिछले दो सेशन के आंकड़े साफ बता रहे हैं कि सोना-चांदी में आई हालिया तेजी के बाद अब तेज करेक्शन देखने को मिल रहा है। रॉकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम बजट से पहले अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। इसलिए सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस रविवार 1 फरवरी को गोल्ड से जुड़े कुछ बड़े ऐलान कर सकती हैं? दिल्ली और नोएडा के सर्राफा बाजार में 31 जनवरी, 2026 को हलचल मची हुई है। दिल्ली में सोना 1,50,430 प्रति दस ग्राम और चांदी 2,91,770 प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है। ऑल इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट योगेश सिंघल कहते हैं कि नए निवेशकों के लिए यही समय है खरीदारी करने का, लेकिन सोने और चांदी के भाव फिलहाल अभी स्थिर नहीं रहेंगे और ये बहुत ज्यादा गिरेंगे भी नहीं। लेकिन जिन लोगों ने सोना और चांदी खरीद रखी है वो अभी होल्ड करें। अब सर्राफा कारोबारियों और आम जनता की नजरें एक फरवरी के बजट पर टिकी हैं।




■ दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में दो दिनों से भारी गिरावट दर्ज

## संक्षिप्त समाचार

### कालापानी में पारा माइनस 35 डिग्री, यूपी में कोहरे में 11 गाड़ियां टकराईं

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सुबह राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर प्रदेश के 4 जिलों, मध्य प्रदेश के 5 जिलों, पंजाब के 4 जिलों, हरियाणा के 3 जिलों और राजस्थान, बिहार के एक-एक जिले में, साथ ही दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 4 से 8 डिग्री के बीच रहा। हालांकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में शनिवार को भी बर्फबारी हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत, नेपाल, चीन बार्डर के पास तापमान माइनस 35 डिग्री रहा है। यहां सर्दी इतनी है कि कुछ देर बाहर रहने पर आंखों में पानी जम जा रहा है। यहां कालापानी इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवान स्पेशल ग्लास लगाकर चीन बॉर्डर पर गश्त कर रहे हैं।

### आज पेश होगा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि एक ऐतिहासिक क्षण भी होगा, क्योंकि निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार बजट पेश करने वाली भारत की पहली वित्त मंत्री बनेंगी। इस बार बजट का दिन थोड़ा खास है क्योंकि एक फरवरी को रविवार की छुट्टी होने के बावजूद बजट पेश किया जा रहा है। अगर समय की बात करें, तो साल 2017 से ही बजट का समय शाम 5 बजे से बदलकर सुबह 11 बजे कर दिया गया था।

### केन्द्र में आईजी के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। मंत्रालय के 28 जनवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा।

## ऑटिज्म के इलाज में स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल ही मान्य

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा: क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक, इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज के लिए स्वीकृत और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर न तो पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं और न ही इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को साबित करने वाला कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध है। पीठ ने कहा कि स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के बाहर रोगियों में स्टेम सेल का हर उपयोग अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की थेरेपी केवल वैज्ञानिक और चिकित्सकीय अनुसंधान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, विधिवत स्वीकृत और नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल के अंतर्गत ही दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत स्टेम सेल को 'ड्रग' की श्रेणी में रखा जाना, ऑटिज्म के इलाज में इसके नियमित चिकित्सकीय उपयोग को स्वतः वैध नहीं बनाता। फैसले में कहा गया कि हालांकि एएसडी के उपचार में प्रयुक्त स्टेम सेल को ड्रग्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग माना गया है, लेकिन मात्र यह तथ्य इसे नियमित क्लिनिकल सेवा के रूप में उपयोग करने की अनुमति नहीं देता। चिकित्सकों के कर्तव्य पर जोर देते हुए अदालत ने कहा कि डाक्टरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एक विवेकशील चिकित्सक की तरह उचित सावधानी, कौशल और ज्ञान का पालन करें। यदि कोई चिकित्सक ऐसा उपचार देता है, जिसके पक्ष में विश्वसनीय वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं या जिसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थाएं स्पष्ट रूप से अनुशंसित नहीं करतीं, तो वह उचित चिकित्सकीय मानक का उल्लंघन माना जाएगा। न्यायालय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड की 6 दिसम्बर 2022 की सिफारिशों, राष्ट्रीय स्टेम सेल अनुसंधान दिशानिर्देश, -शेष पृष्ठ दो पर



■ यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला
■ शीर्ष अदालत बोली: ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं

## 2020 के दिल्ली दंगे: आगजनी और दंगे का आरोपी फैजान बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान दंगे और आगजनी के आरोपी फैजान को बरी कर दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा कि एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह आरोपी फैजान उर्फ आर्यन के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। फैजान पर 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान ब्रिजपुरी रोड स्थित अरुण माडर्न पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आग लगाने का आरोप था। अदालत ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। 28 जनवरी को जारी आदेश में अदालत ने कहा कि इन तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, मैं यह पाता हूं कि अभियोजन पक्ष के गवाह (पीडब्ल्यू2 कांस्टेबल पीयूष) की एकमात्र गवाही पर भरोसा करना अत्यंत असुरक्षित होगा। इसलिए, यह निष्कर्ष निकाला है कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है और आरोपी संदेह के लाभ का हकदार है। फैजान पर आरोप था कि वह 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से स्कूल में तोड़फोड़ करने और आग लगाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा था, जिससे एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। अभियोजन पक्ष का दावा था कि करीब 200 लोगों ने जबरन परिसर में प्रवेश किया, संपत्ति और वाहनों को नुकसान पहुंचाया और इमारत में आग लगा दी। इस मामले में शुरुआत में फैजान सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके दो सह-आरोपियों को फरवरी 2025 में बरी कर दिया गया था। फैजान को 2022 में फरार होने के बाद घोषित अपराधी घोषित किया गया था। उसे अगस्त 2025 में गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ अलग से मुकदमा चला। अदालत -शेष पृष्ठ दो पर



■ अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा: एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा

## भारत ने जीती टी-20 सीरीज

**तिरुवनंतपुरम।** भारत ने न्यूजीलैंड को 46 रन से पांचवां टी-20 हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली। शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भारत ने बैटिंग चुनी और न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर बना दिया।

ईशान ने 42 गेंद पर सेंचुरी लगाई और टीम ने 271 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। न्यूजीलैंड ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 225 रन ही बना सकी। फिन एलन ने 38 गेंद पर 80 रन बनाए। भारत की ओर से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 5 विकेट लिए। अक्षर पटेल को 3 विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती और रिंकू सिंह ने 1-1 विकेट लिया। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने तीसरा सबसे बड़ा टोटल तैयार किया। भारत ने इस मुकाबले में पांच विकेट पर 271 रन बनाए। 3-1 से सीरीज अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम ने पांचवें मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने 271 रनों का स्कोर बनाकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। यह भारत का बांग्लादेश (297/6) और श्रीलंका (283/1) के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने अपना सबसे बड़ा स्कोर भी बना लिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 मुकाबले में ईशान किशन ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का पहला टी-20 शतक जड़कर इतिहास रच दिया बल्लेबाज ने सिर्फ 42 गेंदों में 103 रनों की विस्फोटक पारी खेली। अपनी पारी में ईशान ने 6 चौके, 10 लंबे छक्के लगाए।

■ न्यूजीलैंड को पांचवां टी-20 मुकाबला 46 रन से हराया, भारत का तीसरा सबसे बड़ा टी-20 स्कोर, ईशान का पहला शतक

## मेडिकल तरीके से गिराया जा सकेगा 31 हफ्ते का भ्रूण

**कोच्चि (केरल)।** केरल हाईकोर्ट ने एक दंपति को राहत दी है। कोर्ट ने उनके 31 हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दी। यह भ्रूण दिमाग और सिर से जुड़ी जन्मजात गंभीर विकृतियों से पीड़ित है। जस्टिस शोभा अन्नम्मा ईप्पन ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर गर्भपात की इजाजत दी।

बोर्ड ने राय दी थी कि अगर बच्चे का जन्म होता है, तो वह गंभीर शारीरिक विकृतियों से ग्रस्त होगा। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि गर्भावस्था को आगे बढ़ाना महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री, इस विषय से जुड़े स्थापित कानूनी सिद्धांतों और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे केवल नतीजे में देरी होगी और परिवार की तकलीफ और बढ़ेगी। कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को गर्भपात कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को तुरंत एक मेडिकल टीम गठित करने और प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टीम अपने विवेक और सर्वोत्तम निर्णय के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सुझाई गई सबसे उचित प्रक्रिया अपनाएगी, ताकि गर्भपात किया जा सके और पहली याचिकाकर्ता (महिला) की जान बचाई जा सके। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि गर्भपात से पहले अंतिम स्कैन कर भ्रूण की विकृतियों की दोबारा पुष्टि की जाए।




■ केरल हाईकोर्ट का अहम फैसला, गर्भपात से अंतिम स्कैन कर दोबारा की जाए पुष्टि

## बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिए होंगे बाहर: शाह

कोलकाता, वार्ता

**गृहमंत्री अमित शाह** ने पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है।

ममता जी को एसआईआर का जितना विरोध करना हैं कर लें। मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना ही पड़ेगा। जो बचे घुसपैठिये रह जाएंगे वो भाजपा का सीएम आकर निकाल देगा। शाह ने कहा कि साल 2026 टीएमसी को टाटा, बाय-बाय कहने का साल है। टीएमसी तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गई है। जब मैं पहले आया था, तो मैंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उस समय ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं। लेकिन जब भगवान राम ने राम सेतु बनाया था, तो रावण ने भी इसी तरह उनका मजाक उड़ाया था। 2024 में तीन दशक के बाद पहली बार मोदी लगातार तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं। 24 में ही हमने आंध्र प्रदेश में सरकार बनाई। हमने ओडिशा में सरकार बनाई। अरुणाचल में तीसरी बार सरकार बनाई। 2025 में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में 30 साल के बाद सरकार बनाई और 25 का अंत आते-आते बिहार में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए की सरकार बनी। जितने भी लोग आजादी के संघर्ष में शहीद हुए, जिन्हें फांसी के फंदे पर लटकाया गया, उनका आखिरी शब्द भी वंदे मातरम् ही था। मोदी सरकार ने वंदे मातरम् के 150 साल पूरे देश में मनाने का निर्णय लिया है। मगर विडंबना देखिए कि वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल की माटी से हुआ, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने किया। उसी वंदे मातरम् पर जब संसद में चर्चा हो रही थी, तो ममता बनर्जी के सांसद उस चर्चा का विरोध कर रहे थे।

■ कहा: जो रह जाएंगे उनको भाजपा का सीएम निकाल देगा, ये साल टीएमसी की विदाई का है



## कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन ने आईटी रेड के दौरान गोली मारकर की खुदकुशी

**बेंगलुरु।** कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे राय ने सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3.15 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स (आईटी) विभाग की तलाशी चल रही थी। राय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। राय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपये थी। उनके पास प्राइवेट जेट और 200 से ज्यादा लग्जरी कारें थीं। इनमें से 12 रोल्स रायस भी शामिल हैं।

■ कुल मिलाकर 9000 करोड़ रुपये की संपत्ति, प्राइवेट जेट, 200 से ज्यादा कारों के मालिक थे सीजे राय

# केंद्रीय बजट 2027 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी संसद में बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले उत्तर प्रदेश को आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 से बड़ी राहत और अतिरिक्त संसाधनों के मिलने की उम्मीद है।

दरअसल 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में राज्य को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं और वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पहले से अधिक राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है। राज्य के वित्त विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं के आवंटन और वित्त आयोग के प्रावधानों से राज्य को उल्लेखनीय लाभ मिल सकता है। यह राशि उन परियोजना आधारित मांगों के अतिरिक्त होगी, जिन्हें प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हाल ही में नई दिल्ली में हुई प्री-बजट बैठक में रखा था। दरअसल 10 जनवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ हुई राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक में उत्तर प्रदेश ने लखनऊ, कानपुर और आगरा में मेट्रो रेल विस्तार, नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क, पश्चिमी यूपी में एम्स और बुंदेलखंड में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रमुख रूप से मांग रखी थी। इन परियोजनाओं के लिए राज्य ने कुल 32,075 करोड़ की आवश्यकता जताई है। शासन में बैठे सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय करों और शुल्कों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी वर्ष 2025-26 में लगभग 2.55 लाख करोड़ से बढ़कर 2026-27 में 2.80 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है। वर्ष 2024 से 2025 के बीच राज्य की हिस्सेदारी में 36,285.37 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई थी, जो 2,18,886.84 करोड़ से बढ़कर 2,55,172.21 करोड़ हो गई। वरिष्ठ अधिकारी की मानें, तो इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश को मिलने वाला आवंटन भी बढ़ सकता है। बीते वर्ष यह राशि करीब 96,000 करोड़ थी, जो आगामी बजट में 1 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

## एक तरफ बजट, तो दूसरी तरफ आधार वर्ष में बदलाव करना नीतिगत समन्वय में कमी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की पूर्व संध्या पर सांख्यिकीय आंकड़ों के जारी होने के समय को लेकर गंभीर चिंताएं जताते हुए कहा है कि बजट के वित्तीय अनुमान पुरानी गणनाओं पर आधारित हो सकते हैं, क्योंकि बजट पेश होने के मात्र कुछ ही दिनों के भीतर देश की विकास दर (जीडीपी) और महंगाई दर (सीपीआई) के गणना आधार (बेस ईयर) में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। कांग्रेस के जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर चिता का साझा करते हुए कहा कि आधार वर्ष में इस बदलाव से बजट के प्रमुख आंकड़ों, जैसे कि राजकोषीय घाटा और विकास दर के लक्ष्यों में भारी विसंगति पैदा हो सकती है। इसे नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समन्वय की कमी आ सकती है, जिससे बजट के वास्तविक प्रभाव का सटीक आकलन करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने लिखा कि बजट के कई आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में पेश होंगे, लेकिन कुछ दिनों बाद ही 2022-23 को आधार वर्ष मानकर नई जीडीपी शृंखला जारी होने वाली है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या रविवार को पेश किए जाने वाले बजट के आंकड़ों में इसके तुरंत बाद संशोधन किया जाएगा?

# आगरा में खून से लाल हुई सड़क, पांच की मौत

आगरा, वार्ता

■ बेकाबू कंटेनर ने ऑटो में मारी टक्कर

खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक बेकाबू कंटेनर ने 2 ऑटो में टक्कर मारी, इससे चीख पुकार मच गई। हादसे में दोनों ऑटो में सवार 8 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राहगीरों ने लोगों को ऑटो से बाहर निकाला।

सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई, पुलिस घायलों को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां पर चिकित्सकों ने 5 घायलों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दोनों ही ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा शनिवार सुबह करीब 11 बजे का है। खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर नगला चंदन के पास बेकाबू कंटेनर ने सवारियों से भरे 2 ऑटो में टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर से दोनों ऑटो सड़क किनारे करीब 50 फीट दूर एक पेड़ से टकराकर गड्ढे में जाकर पलट गए, जिसमें चीख पुकार मच गई। ऑटो में सवार लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, इसके साथ ही हाथ और पैर में भी गंभीर चोटें हैं। हादसे में एक ऑटो की छत उड़ गई, तो दूसरा ऑटो दो हिस्सों में बंट गया। हादसे के बाद राहीगरों ने कंटेनर चालक को पकड़कर जमकर धुना। सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा सुरक्षा बल ने संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के घगवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मंडरा रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर कई राउंड फायरिग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने चिलियारी पोस्ट के पास संदिग्ध ड्रोन की हलचल देखी। उन्होंने बताया कि उन्होंने उड़ने वाली चीज को भारतीय इलाके में घुसते देख कई राउंड फायरिग की और उसे पाकिस्तान की तरफ वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए गहन तलाशी अभियान चलाया कि ड्रोन ने इलाके में कोई सामान न गिराया हो। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी पूरे दिन जारी रही, लेकिन अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में देवरिया जिला जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार को उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। मेडिकल कॉलेज के प्रवक्ता डा. अजय ने बताया कि अमिताभ ठाकुर को पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने पर जेल चिकित्सक की सलाह पर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया। सर्जरी विभाग के डा. राकेश कुमार एवं उनकी टीम उनका उपचार कर रही है। प्रारंभिक जांच में पेट दर्द का कारण अपेंडिक्स से संबंधित बताया जा रहा है। उनका अल्ट्रासाउंड और रक्त जांच कराई गई है तथा सीटी स्कैन भी कराया जा रहा है।

# डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी टकरा रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा- ये तो अभी केवल सैम्पल मात्र है

**लखनऊ।** महोबा में पानी संकट के मुद्दे पर बीजेपी विधायक के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोकने पर अब समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं।

महोबा जिल में बीजेपी विधायक बृजभूषण राजपूत अपने क्षेत्र की बदहाल सड़कों और पीनी की समस्या को लेकर नाराज चल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को उन्होंने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोक दिया । इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक नोकझोंक देखने के मिला। अब इसपर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया है। कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने महोबा की घटना पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी के विधायक बृजभूषण राजपूत ने अधूरे कार्यों को लेकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बंधक बनाया। हमने तो पहले ही कहा था कि बीजेपी के 'डबल इंजन' ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सत्ता पटरी से उतर गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने एक्स पोस्ट के जरीए इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनहोंने कैप्शन में लिखा, 'महा समाचार : स्वतंत्र बने बंधक! साथ ही कहा कि पैसे कमाने और जमीन कब्जाने में लगे भाजपा के मंत्री हों या विधायक, इनमें से कोई भी जनता या विकास का काम नहीं कर रहे हैं। इसीलिए जनता के गुस्से से बचने के लिए दोषारोपण कर रहे हैं।

## आधार वेरिफिकेशन के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

# उत्तर प्रदेश में अब लैंड स्कैम से मिलेगी मुक्ति

रायबरेली, वार्ता




■ दो फरवरी से लागू हो जाएगा सिस्टम, ऐसे करना होगा अप्लाई

■ एक फरवरी से पूरे प्रदेश में एक साथ रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए

यूपी में अब जमीन का पंजीकरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत उप निबंधक कार्यालय से कर दी गई है। शनिवार को सब रजिस्ट्रार बृजेश पाठक ने इस नई व्यवस्था को लेकर जानकारी साझा की। उप निबंधक बृजेश पाठक ने बताया कि आधार बेस्ड पंजीकरण प्रक्रिया के तहत अब तक उनके कार्यालय में 7 जमीनों का रेजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। ये प्रक्रिया फिलहाल प्रारंभिक स्टेज में है, लेकिन सोमवार से इसे पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

बृजेश पाठक ने कहा कि शासन का सर्कुलर आया है, जिसमें 1 फरवरी 2026 से पूरे प्रदेश में एक साथ आधार वेरीफिकेशन के बाद ही डॉक्यूमेंट रेजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए हैं। क्योंकि 1 फरवरी को रविवार है, इसलिए उस दिन कोई कार्य नहीं होगा, लेकिन 2 फरवरी से पूरे प्रदेश में ये लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीन खरीदने और बेचने वाले के लिए जब कोई आवेदन करेगा, तो आधार बेस्ड सत्यापन में हां या न के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा, जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है, उस पर ओटीपी जाएगा। ओटीपी भरने से आधार से सत्यापित हो जाएगा, उसका आवे. दन उनके कार्यालय के ऑपरेटर के पास आ जाएगा। जब खरीदार और विक्रेता उनके कार्यालय में आएगा, तो वहां पर एक डिवाइस रहेगी। जिस पर वह अपना अंगूठा लगाएगा, उससे वह मैच करता है, तो आधार वेरीफाइड हो जाएगा। आधार वेरीफाइड होने के बाद ही हम अंगूठा इंप्रेशन लेंगे और फोटो खींचेंगे और बिलिंग का पंजीकरण कर देंगे। इससे जो व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र लेकर आ जाता था, तो वह फर्जीवाड़ा रोकने के लिए शासन ने यह प्रभावी कदम उठाया है। पाठक ने बताया कि हमारे कार्यालय में मॉडल के रूप में अभिलेखों का आवेदन कराया गया है, जिसमें 7 अभिलेखों का ट्रायल हमने सफलतापूर्वक किया है। जिसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई है।

एनआईसी केंद्र मुख्यालय लखनऊ की देखरेख में यह संपन्न हुआ है, ये ट्रायल हमारा कामयाब रहा। पाठक ने बताया कि आधार से पंजीकरण होने से जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और फर्जीवाड़े से मुक्त होगी। इससे दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित होगी और बेनामी लेन-देन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के जरिए क्रेता और विक्रेता दोनों की पहचान पुख्ता होगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

### पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाना उद्देश्य

शासन का उद्देश्य है कि डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। उप निबंधक कार्यालय में इस नई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि सोमवार से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आम लोगों ने भी इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे जमीन पंजीकरण की प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# बजट घोषणाओं से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद अब निवेशकों को बजट और वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार रहेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगी। देखना यह है कि बजट की घोषणाएं निवेशकों को रास आती हैं या नहीं। इसके अलावा जनवरी के विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक और वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी अगले सप्ताह जारी होने वाले हैं। बाजार पर इन सभी का असर दिखेगा। साथ ही वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल और तेजी से बदलते राजनीतिक समीकरणों से भी निवेश धारणा प्रभावित होगी। बीते सप्ताह 26 जनवरी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले तीन दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि शुक्रवार को ए लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 732.08 अकं (0.90 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 272 अंक यानी 1.09 अंक मजबूत हुआ और शुक्रवार को 25,320.65 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 3.22 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 से शेयर पिछले सप्ताह मजबूत हुए, जबकि अन्य 13 के लाल निशान में रहे। बीईएल में सबसे अधिक 9.54 प्रतिशत की तेजी देखी गई, जबकि एशियन पेंट्स में 10.12 प्रतिशत की सर्वाधिक गिरावट रही। ज्यादातर बैंकों एवं वित्तीय कंपनियों में लिवाली को जोर रहा। एक्सिस बैंक का शेयर 8.74 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 4.68, एचडीएफसी बैंक का 1.43, आईसीआईसीआई बैंक का 0.87, बजाज फाइनेंस का 0.29 और बजाज फिनसर्व का 0.24 प्रतिशत चढ़ा।

### रामसर सूची में दो नई आर्द्रभूमि शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस से एक दिन पहले आज रामसर नेटवर्क में दो नई आर्द्रभूमियों को शामिल करने की घोषणा की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ जिले में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। मोदी ने यादव की इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि एटा (उत्तर प्रदेश) में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ (गुजरात) में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया है।

# चावल, सस्ता, गेहूं महंगा, खाद्य तेल, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए, जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 रुपये और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 रुपये और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल 88 रुपये और सूरजमुखी तेल 79 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 36 रुपये और सरसों तेल की 35 रुपये बढ़ गई।

पाम ऑयल 18 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7755.67 रुपये, मसूर काली 8072.25 रुपये, मूंग दाल 10100.66 रुपये, उड़द दाल 10518.54 रुपये, तुअर दाल 10781.42 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2866.17 रुपये और चावल 3810.12 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3327.96 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.64 रुपये और गुड़ 4980.50 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17677.06 रुपये, मूंगफली तेल 17897.11 रुपये, सूरजमुखी तेल 16313.80 रुपये, सोया तेल 13980.95 रुपये, पाम ऑयल 12608.99 रुपये और वनस्पति 14555.22 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# नहीं चलेंगे समाज को बांटने वाले कानून

**कानपुर।** पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताते हुए एक बार फिर हुंकार भरी और कहा कि समाज को बांटने वाले कानून, जैसे यूजीसी और एससी/एसटी एक्ट, अब नहीं चलेंगे।

सवर्ण समाज जाग चुका है और किसी भी तरह के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए विभाजनकारी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश के बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट रहे पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री इस्तीफा देने के बाद शनिवार को अपने घर कानपुर पहुंचे। वहां उनके परिजनों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

अलंकार अग्निहोत्री के गाड़ी से उतरते ही लोग 'शेर आया' के नारे लगाने लगे। समर्थकों से मिलने के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने एक बार फिर प्रदेश और केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी भारत को लूटने के लिए आई थी, ठीक उसी प्रकार भारत सरकार लूट रही है। उन्होंने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताया, इसी के साथ उन्होंने केंद्र सरकार को ललकारते हुए कहा कि सवर्ण समाज अब जाग गया है। अलंकार अग्निहोत्री के घर पहुंचने पर उनकी मां समेत सभी परिजनों ने स्वागत किया।

### कफ सिरप माफिया की 5.77 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** अवैध नशीले कोडीन युक्त कफ सिरप के मुख्य तस्कर भोला प्रसाद जायसवाल एवं उसके संगठित गिरोह द्वारा अर्जित 5.77 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर लिया गया है। सोनभद्र पुलिस की यह कार्रवाई संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को बताया कि इससे पूर्व 23 जनवरी 2026 को अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल की 28.50 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की गई थीं। इसी क्रम में शनिवार को मड़ौली एवं भरलाई (तहसील सदर, सोनभद्र) तथा जगदीशपुर (तहसील पिडरा, जनपद वाराणसी) स्थित मुख्य अभियुक्त और उसके परिजनों की सात अचल संपत्तियां, जिनकी अनुमानित कीमत 4,55,02,762 रुपये है, कुर्क की गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ओटिज्म इलाज....** 2017, तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जारी राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों का भी उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि इन सभी दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख है कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को नियमित उपचार के रूप में अनुशंसित नहीं किया गया है और इसे केवल स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के तहत ही किया जा सकता है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ नाथ, श्री प्रतीक के. चड्ढा, असजद हुसैन, अनुनय चौधरी, श्रीकर येचुरी और श्री अनिकेत चौहान ने पक्ष रखा।

**2020 के...** ने प्राथमिकी दर्ज करने में हुई अस्पष्टीकृत देरी और जांच एजेंसी द्वारा मौके पर कथित रूप से मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों की जांच न किए जाने का भी उल्लेख किया अदालत ने कहा कि इन विरोधाभासों के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, और जोड़ा कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है इसलिए, अदालत ने आरोपी को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

# कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक

## अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला 2026 का उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

फरीदाबाद, वार्ता



शनिवार से सूरजकुंड मेले का आगाज हो गया है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मेला साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इस ऐप के जरिए मेले की सारी जानकारी मिल सकेगी, जैसे कि कहां किस चीज का स्टॉल लगा है, कहां पार्किंग है, कहां खाने के स्टॉल है। इस तरह की सारी जानकारी मोबाइल ऐप से मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक हैं।

मेले के शुभारंभ के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मेले परिसर में हरियाणा के अपना घर पवेलियन का दौरा किया, जहां हरियाणवी पगड़ी पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत-सत्कार किया गया। उपराष्ट्रपति ने मेले के थीम स्टेट मेघालय के स्टॉलों का अवलोकन कर शिल्पकारों से संवाद किया तथा उनके हुनर की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने मेले में सहभागी विभिन्न देशों और राज्यों की सांस्कृतिक विधाओं का अवलोकन कर कलाकारों एवं शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने उपराष्ट्रपति को पांचजन्य शंख और महाभारत के दृश्य को दर्शाती एक आकर्षक पेंटिंग भेंट की। मेले को उद्घाटन के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला दशकों से भारत की सांस्कृतिक आत्मा, कलात्मक उत्कृष्टता और सभ्यतागत निरंतरता का जीवंत प्रतीक रहा है। ये उत्सव वसुधैव कुटुंबकम के उस शाश्वत भारतीय दर्शन को साकार करता है, जिसमें पूरी दुनिया को एक परिवार माना गया है। ये मेला निर्माण करने वाले हाथों, नवाचार से भरे मस्तिष्कों और हमारी पहचान गढ़ने वाली परंपराओं को एक साझा मंच पर एकत्रित करता है। पिछले लगभग चार दशकों से ये आयोजन हमारे कारीगरों, बुनकरों, मूर्तिकारों, चित्रकारों और लोक कलाकारों को वैश्विक पहचान दिला रहा है, जिनमें से अनेक पीढ़ियों से चली आ रही कलाओं को जीवित रखे हुए हैं। इस वर्ष आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित दृष्टिकोण ने मेले के महत्व को और भी गहन बना दिया है, क्योंकि हमारे कारीगर सदियों पुराने ज्ञान के संरक्षक हैं और उन्हें सशक्त बनाना एक समावेशी, सशक्त और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की नींव है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र को राष्ट्रीय पुनर्जागरण के केंद्र में रखा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना जैसे परिवर्तनकारी प्रयासों ने कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता और बाज़ार से जुड़ाव प्रदान कर पूरे इकोसिस्टम को सशक्त बनाया है।

# बस-बाइक की टक्कर में युवक की जान गई, चालक की हालत नाजुक

## स्कूली बस में बच्चे न होने से टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। बच्चों को सुरक्षित घर छोड़कर लौट रही एक स्कूल बस की सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय राहत की बात यह रही कि स्कूल बस में कोई छात्र मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी अनहोनी होने से बच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू करते हुए मृतक की पहचान कराकर इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक, नेहरू मेमोरियल पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को छोड़ने के बाद स्कूल वापस जा रही थी। जैसे ही बस रतनपुरी स्थित प्राणनाथ इंटर कॉलेज के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही बाइक से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार और बस चालक दोनों को गंभीर चोटें आईं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खतौली भिजवाया गया।

वहां डॉक्टरों ने बाइक सवार प्रमोद पुत्र सोमसिंह, निवासी गुज्जरहेड़ी (थाना तितावी) को मृत घोषित कर दिया। वहीं बस चालक अनिल पुत्र हुकुम सिंह, निवासी मोजाहिदपुर की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## जिला बार की एल्डर कमैटी ने पास किए प्रस्ताव

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ की बैठक में उदय वीर सिंह एडवोकेट की अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी ललित कुमार शर्मा, रमेश चंद गोयल, ज्ञानेन्द्र कुमार त्यागी, रियाज हसन राठी, धर्मेन्द्र कुमार पुण्डीर, सरब सिंह, कैलाश चंद, मनोज सौदाई, सत्येश्वर तोमर की मौजूदगी में एल्डर कमैटी चेयरमैन नासिर अली, हासान्न शर्मा की निगरानी में विभिन्न प्रस्ताव पास किए गए। अंतिम मतदाता सूची का अवलोकन व सूची चस्पा करने के भी बात कही गई। यहां चुनाव के दौरान नामांकन पत्र का मुल्य बीस रूपये अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क दो हजार रूपये, उपाध्यक्ष पद के लिए पन्द्रह सौ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए बारह सौ पचास, उपाध्यक्ष के लिए एक हजार, महा सचिव पद के लिए दो हजार, सहसचिव पद के लिए एक हजार, कोषाध्यक्ष पदके लिए एक हजार पांच सौ रूपये शुल्क निर्धारित किया गया।



मुजफ्फरनगर: गौवंश को देखते लोग व हंगामा करते हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता।

# 261 करोड़ से बदलेगी मोरना मिल की हालत

## चीनी मिल के विस्तारीकरण समारोह में जुटे जिले के दिग्गज नेतागण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र की दी गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स के विस्तारीकरण व आधुनिकीकरण की सरकार की घोषणा के बाद क्षेत्र के बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को इस ऐतिहासिक कार्य का श्रेय देते हुए क्षेत्र की जनता को बधाई देकर मिष्ठान का वितरण किया इस दौरान मंत्री सहित रालोद के विधायक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

मोरना स्थित दी गंगा किसान सहकारी चीनी मिल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद चंदन चौहान ने कहा कि जब वह मीरापुर से विधायक थे तभी से उन्होंने चीनी मिल की जर्जर हालत और पेराई क्षमता की मांग सदन से लेकर शासन तक प्रमुखता से उठाई थी और सांसद बनने के बाद लगातार पैरवी कर बजट स्वीकृत कर लिया। शासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड ने परियोजना की कुल लागत 261.91 करोड़ का मूल्यांकन कर संस्तुति प्रदान की गई।

हालांकि डीपीआर के अनुसार इसकी अनुमानित लागत 275.65 करोड़ आंकी गई थी इस परियोजना का वित्त पोषण 50 प्रतिशत राज्य सरकार की अंश पूंजी और 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा ऋण के रूप में किया जाएगा। वर्तमान में मोरना चीनी मिल की पहरी एक क्षमता मात्र 2500 टीसीडी है जो लगभग 29 वर्ष पुराने विस्तार के बाद नई योजना के तहत मिल की क्षमता 5000 टीसीडी की जाएगी नई चीनी मिल नवीनतम तकनीक पर आधारित होगी जिससे न केवल पराई क्षमता बढ़ेगी बल्कि चीनी की रिकवरी में भी भारी सुधार होगा मंत्री परिषद की टिप्पणी के अनुसार मेल का लक्ष्य चीनी परता 11.50 प्रतिशत तक ले जाने का है।

क्षेत्र के किसानों को अब दूसरे मिल का रुख नहीं करना पड़ेगा और नहीं गन्ना सप्लाई में देरी होगी आधुनिक प्लांट लगने से क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से किसानों को लाभ मिलेगा व क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मोरना मिल गन्ना बाहुल्य क्षेत्र में स्थित है लेकिन कम क्षमता के कारण किसानों का पूरा गन्ना पराई नहीं हो पाता था प्लांट और मशीनरी पुरानी होने कारण उत्पादन लागत अधिक थी और मिल लगातार वित्त घाटे में जा रही थी अब आधुनिक मशीनों से मिल की कार्य क्षमता और किसानो की आमदनी में इजाफा होगा। नई यूनिट के निर्माण से क्षेत्र मे रोजगार के अनेक अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर मंत्री अनिल कुमार, विधायक मिथलेश पाल, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, योगराज सिंह, नूर सलीम राणा, अजीत राठी, संजय राठी, राव वारिस, डॉ.अमित ठाकरान, मिल के प्रधान प्रबंधक वी.पी.पांडे, बिन्नू राठी, राजीव डायरेक्टर रहे।




## मोरना चीनी मिल के विस्तारिकरण पर भाजपाइयों ने किया मिष्ठान वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** मोरना चीनी मिल के विस्तारीकरण व आधुनिकरण की घोषणा के बाद भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष प्रकट किया तथा सरकार को धन्यवाद देकर क्षेत्र की जनता को बधाई दी है।

भोपा में स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि मोरना चीनी मिल के विस्तारीकरण की मांग क्षेत्र के किसान कई वर्षों से कर रहे थे।मिल के विस्तारिकरण से क्षेत्रवासियो को बड़ा लाभ होगा जिसके लिए उन्होंने सरकार को धन्यवाद दिया और क्षेत्र की जनता को बधाई दी। अब क्षेत्र मे गंगा एक्सप्रेस वे तथा रावली घाट पुल का निर्माण अगला लक्ष्य है। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा की अब किसानों को गन्ने अन्य मिलो पर नहीं ले जाना पड़ेगा गन्ने की फ़सल का समय पर निस्तारण होगा। सभी फसलों की बुआई अब समय पर होगी। फसलों का उत्पादन बढ़ेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय कोरी,अरुण पाल, ब्रजवीर सिंह, मनोज कुमार, योगेश गुर्जर, अनुज गोयल, डॉ. वीरपाल सहरावत, सतनाम नायक, विनोद शर्मा, प्रधान तरुण धीमान,अनुज गोयल, महिपाल राठी, प्रधान संजय चौहान,कुणाल वालिया सहित अन्य प्रमुख व्यक्ति मौजूद रहे।

# यूट्यूबर सूफियान की दबंगई या पुलिस की लाचारी

## युवाओं को सट्टे की राह पर धकेलने के लगे आरोप, सट्टे का प्रचार और 'विधायक' लिखी गाड़ी पर पुलिस मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थानाभवन मार्ग पर शुक्रवार रात मशहूर यूट्यूबर सूफियान और उमर की स्थानीय युवक अदनान के साथ हुई मारपीट ने चरथावल में सनसनी फैला दी। पुलिस की ढिलाई के बीच अब दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। जहाँ सूफियान ने अदनान पर लोकप्रियता से चिढ़कर हमला करने का आरोप लगाया है, वहीं अदनान ने सूफियान पर युवाओं को ऑनलाइन सटे के जाल में फंसाने जैसा बड़ा आरोप जड़कर सनसनी फैला दी है।

इस मामले में अदनान का आरोप है कि श्युवाओं को बर्बाद कर रहा है सूफियानश।अदनान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि सूफियान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए लगातार ऑनलाइन सट्टे का प्रचार कर रहा है।

अदनान का दावा है कि इस प्रचार से क्षेत्र के हजारों युवा गलत राह पर जा रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर हुए विवाद में सूफियान और उमर ने उसके साथ मारपीट की हैं। दूसरी ओर, सूफियान का कहना है कि उनकी बढ़ती प्रसिद्धि से खिन्न होकर अदनान ने उनके साथ अभद्रता की है।

**जब गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला था चरथावल:** कुछ दिन पूर्व जब इंस्टाग्राम वीडियो के विवाद में 'बाबा गैंग' और 'बादशाह गैंग' के युवा आमने-सामने आ गए थे। उस समय मल्लुहवाला मैदान पर बाबा गैंग के गुर्गों ने बादशाह गैंग पर करीब 3 दर्जन राउंड (36 गोलियां) फायरिंग कर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी।

उस वक्त पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए बाबा गैंग के कई युवाओं को जेल भेजा था। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सूफियान और अदनान के बीच पनप रही यह रंजिश फिर से उसी खूनी इतिहास को दोहरा सकती है, लेकिन पुलिस शायद किसी बड़ी वारदात का इंतजार कर रही है। इस मामले में कई सवाल उठ रहे की निजी गाड़ी पर 'विधायक' लिखना कानूनन अपराध है, फिर भी पुलिस ने गाड़ी सीज करने या नाम मिटाने की जहमत क्यों नहीं उठाई। वही ऑनलाइन सटे का प्रचार कर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वालों पर पुलिस संज्ञान क्यों नहीं ले रही।

**विधायक लिखी गाड़ी बनी चर्चा का केंद्र:**

मारपीट की घटना के समय सूफियान जिस गाड़ी से पहुँचा था, उस पर शविधायकश लिखा होना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सबसे बड़ा सवाल है।

एक निजी यूटड्ूबर द्वारा सरकारी पद के नाम का दुरुपयोग करने और सरेराह मारपीट करने पर भी पुलिस की खामोशी लोगों को खटक रही है। थाने पर जुटी समर्थकों की भारी भीड़ के दबाव के कारण पुलिस ने इस मामले में केवल खानापूर्ति की है।

अब देखना यह है कि क्या उच्चाधिकारी इस सटेबाजी के प्रचार और अवैध बोर्ड वाले मामले में कोई संज्ञान लेते हैं या रसूख के आगे कानून ऐसे ही बौना बना रहेगा।

# कूड़े के ढेर पर जली अवस्था में मिला गौवंश

## हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल के पास कूड़े के ढेर पर एक गौवंशीय पशु का शव जली अवस्था में मिलने से यहां हंगामें की स्थिति बन गई घटना की सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठनों और गौ सेवक यहां इकठा हो गया और गौ सेवकों ने मौके पर पहुंचकर आक्रोश जताते हुए दोषियों पर कडी कार्रवाई की मांग उठाई। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एमपी सिंह ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर गहनता से जांच पड़ताल की। सीएमओ सुनील तेवतिया ने फुटेज को अवलोकन करके मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। जिला अस्पताल और सीएमओ कार्यालय

शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जिला अस्पताल और सीएमओ कार्यालय के पास कूड़ाघर के नजदीक शनिवार सुबह एक गौवंशीय पशु (बछड़े) का शव जली अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव बुरी तरह से जला हुआ था, जिससे प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि गौवंश को जीवित जलाकर निर्मम हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, बजरंग दल समेत विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता और गौ सेवक मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने इसे असामाजिक तत्वों की घृणित करतूत बताते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर नारेबाजी हुई और प्रशासन के खिलफ भी नाराजगी जताई गई। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल के जिलाध्यक्ष देशराज सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह कृत्य सनातन धर्म को मानने वाले लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। गौवंश को जलाकर हत्या की गई है, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार गौवंश संरक्षण को लेकर सख्त कानून होने का दावा करती है, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है। गौवंश का कटान और हत्या की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और व्यवस्था पूरी तरह शून्य नजर आ रही है।




पुरकाजी: पुरकाजी में ग्राम चौपाल लगाकर समस्याएं सुनते मण्डलायुक्त।

# अधिवक्ताओं ने बंद रखा तहसील में कामकाज

**तहसील में भ्रष्टाचार के आरोपों से गरमाया माहौल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील में शुक्रवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई जब कथित भ्रष्टाचार और आम जनता के मामलों में हो रही अनावश्यक देरी के खिलाफ अधिवक्ताओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। खतौली बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने तहसीलदार अरविंद कुमार के कार्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन पर अवैध लेनदेन को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए और अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया।

धरना-प्रदर्शन की अगुवाई बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कुमार उपाध्याय एवं महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट ने की। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील के राजस्व न्यायालयों, आरके कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में वादों का समयबद्ध निस्तारण नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि अविवादित मामलों की पत्रावलियां भी महीनों तक लंबित रखी जाती हैं, जिससे वादकारियों को अनावश्यक मानसिक और आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। अधिवक्ताओं का कहना है कि न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों को राजस्व अभिलेखों में समय पर दर्ज नहीं किया जाता। वहीं विवादित मामलों में अंतिम बहस पूर्ण होने के बाद भी निर्धारित समयावधि में आदेश पारित नहीं किए जाते, बल्कि जानबूझकर मामलों को बार-बार बहस में लगाकर टाल दिया जाता है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

धरने के दौरान अधिवक्ताओं ने धारा 80 के अंतर्गत कृषि भूमि से जुड़े मामलों में दलालों और भूमाफियाओं से मिलीभगत कर भ्रष्टाचार किए जाने का भी आरोप लगाया। बार अध्यक्ष नवीन कुमार उपाध्याय ने फुलत गांव में आम के बाग पर धारा 80 लगाए जाने के मामले को संदिग्ध बताते हुए इसमें गहरी मिलीभगत की आशंका जताई। सभी आरोपों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा के बाद अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक तहसील कार्यालय एवं राजस्व न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं का ठोस समाधान नहीं किया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान न तो राजस्व न्यायालयों में कोई न्यायिक कार्य होगा और न ही तहसील से जुड़े मामलों में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रहेगी। धरना-प्रदर्शन में एडवोकेट सरदार जितेंद्र सिंह, सचिन आर्य, जगदीश आर्य, दिमाग सिंह, सुलेमान, सुभाष, राजेंद्र सैनी, सावन कुमार, मनोज कुमार, आनंद कुमार, मुकेश कुमार शर्मा, तेज प्रताप सिंह, पदम सिंह, रोशनी सैनी, अशोक सैनी, राजेश कुमार, गंगा शरण, शकुंतला देवी, सत्य प्रकाश सैनी, रतन सैनी, राम रोशन दास, रेखा देवी, सुबोध कुमार, विपिन कुमार, सीताराम, हरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र तथा व्यापक रूप दिया जाएगा।






# कमिश्नर ने बरला व पुरकाजी की चौपाल में की जनसुनवाई

## बोले-हर पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम-चौपाल जनसुनवाई कार्यक्रम में सहारनपुर मण्डल आयुक्त डॉ रूपेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए पानी की टंकी को ठीक कराते हुए हर घर में स्वच्छ एवं शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विद्यालय में छात्रा छात्राओं की उपस्थिति कम होने पर, उन्होंने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से कहा कि बच्चों को विद्यालय में भेज कर उन्हें पढ़ाए अवश्य, यह छात्र-छात्राएं कल के भविष्य है। मंडलआयुक्त ने ग्राम पंचायत - बरला, विकास खण्ड पुरकाजी में आयोजित ग्राम चौपाल की अध्यक्षता करते हुए विकास कार्यों निराश्रित पेंशन, दिव्यांग, वृद्धा पेंशन, राशन मिलने की, विद्युत आपूर्ति, विद्यालय में छात्रा/छात्राओं को पढ़ाने व मिड डे मील तथा अध्यापक आने की, बिरासत, हर घर जल योजना के अंतर्गत पानी आने की, पंचायत घर है या नहीं, स्वास्थ्य सेवाएं, से संबंधित कार्यों की ग्रामीणों से ली जानकारी, जिस पर ग्रामीणों ने अवगत कराया सुविधा मिल रही है। ग्रामीणों ने हर घर जल योजना के अंतर्गत पानी न आने को कहा जिस पर मंडलायुक्त ने संबंधित विभाग के उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गांव का निरीक्षण कर अभिभावकों को समझाते हुए छात्र-छात्राओं को स्कूल में पढ़ने के लिए अवश्य भेजे जाने हेतु प्रेरित करें।

ग्रामीणों ने विद्युत बिल ज्यादा आने से अवगत कराया,जिस पर मंडलायुक्त ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कल रविवार को विद्युत घर में कैंप लगाकर विद्युत से संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जाए, उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा अपना कैंप लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है उनका लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक को मिले, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए ग्रामीणों की समस्यायों का निस्तारण कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी, मुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उपकृषि निदेशक, पीओनेडा, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मंडल आयुक्त ने परखा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा का स्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** मंडलायुक्त ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं से शिक्षा के विषय में जानकारी ली, जिस पर सभी छात्र-छात्राओं ने कहा कि पढ़ाई अच्छे से होती है। उन्होंने विद्यालय में बने स्मार्ट क्लास देखा तथा उपस्थित छात्राओं स्मार्ट बोर्ड पर लिखवा कर देखा छात्र ने स्मार्ट बॉर्डर पर अपने विद्यालय का पूरा नाम लिखकर दिखाए छात्रा की प्रशंसा करते हुए और अच्छे से पढ़ाई कर अपने जनपद का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को गांव बरला में लाइब्रेरी बनाने के भी निर्देश दिए।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह - 2026 के समापन के अवसर पर परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश, जनपद मुज़फ्फरनगर द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, मुज़फ्फरनगर की वर्कशॉप में बस चालकों/परिच. ालकों/ अन्य स्टाफ हेतु सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के अंतर्गत एआरटीओ प्रवर्तन की अध्यक्षता में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एआरटीओ प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्र द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी बस चालकों/परिचालकों एवं अन्य स्टाफ को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुए अपील की गयी कि सडक सुरक्षा के नियमों का पालन जरूर करें और स्वंय भी सुरक्षित रहें औरों को भी सुरक्षित रखें।

रोमेश अग्रवाल, आर आई टेक्निकल द्वारा उपस्थित बस चालक. ों/परिचालकों से आह्वान किया गया कि सडक पर जो संकेत/चिह्न बने होते है उनका ध्यान अवश्य रखे, सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हमें जागरूक होना होगा।

प्रभात कुमार सिन्हा, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा वर्कशॉप में उपस्थित बस चालकों/परिचालकों से विशेष रूप से तेज रफ्तार से व नशे/नींद की हालत में बस नही चलाने की अपील की गई। डॉ राजीव कुमार द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए भारत मे होने वाली सडक दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मौतों के विषय मे जानकारी दी गई।

परिवहन विभाग जनपद मुजफ्फरनगर की ओर से राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत बस चालकों/परिचालकों/ अन्य स्टाफ को सड़क सुरक्षा/यातायात नियमों के कैलेन्डर एवं जागरूकता हेतु पम्पलेट्स वितरित किये गये।

उक्त कार्यक्रम में परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश, जनपद मुज़फ्फरनगर एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मुज़फ्फरनगर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम/ कार्यशाला के अंत मे सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा उपस्थित सभी का धन्यवाद किया गया।

## सन्दीप मलिक हटे, संजय राठी को रालोद जिलाध्यक्ष की कमान

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल में संगठन में फेरबदल करते हुए रालोद के मौजूदा जिलाध्यक्ष संदीप मलिक को हटाकर उनके स्थान पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय राठी को जिला अध्यक्ष बनाया है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है। संजय राठी की नियुक्ति को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठन को ओर मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इसी के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रहे जिले के कद्दावर नेता तरसपाल मलिक को भी क्षेत्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इन दोनों की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखने को मिला।



मुजफ्फरनगर:सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ करते अधिकारी।

# बुढ़ाना में फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण की मांग तेज

## व्यापार मंडल ने भारत सरकार से की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर में बढ़ते यातायात और लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मांग तेज हो गई है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड नगर इकाई के अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने भारत सरकार से जनहित में बुढ़ाना में खतौली तिराहे से लेकर चरण सिंह तिराहे तक फ्लाई ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग की है।

नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन भारी मात्रा में यातायात गुजरता है।

जिसमें भारी वजन वाले वाहन भी शामिल हैं। लुहसाना रोड, तहसील के पीछे का क्षेत्र, नई बस्ती और ईदगाह रोड की ओर जाने वाले नागरिकों को सड़क पार करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए सड़क पार करना जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने कहा कि यहां पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

कई बार लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। जिससे आमजन के साथ साथ व्यापार भी प्रभावित होता है। व्यापार मंडल ने मांग की है कि यदि समय रहते फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए तो न केवल यातायात व्यवस्था सुचारू होगी बल्कि दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की अपील की है।

# विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने किए कार्यक्रम

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर इस अवसर पर उत्सव के रंग में सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष राजीव शर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर सुनील मिश्रा एवं विद्यालय निदेशक द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

समारोह के दौरान जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई देने के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मनमोहक नृत्य, मधुर गीत, कविता पाठ एवं भावनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की हेड गर्ल क्रिस्टी चौधरी एवं हेड बॉय करण धामा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही मिस्टी प्रजापति को मिस ट्रिपल एस, सुमित कनौजिया को मिस्टर ट्रिपल एस, तनस्वी वत्स को मिस फेयरवेल तथा अयान को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन छात्राएँ रि) गुप्ता, यशवी, इनम्मा एवं अदिला बतूल ने आत्मविश्वास एवं कुशलता के साथ किया। विद्यालय के चेयरमैन सुशील शर्मा ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रबंधिका शिखा शर्मा ने कहा कि विद्याथ्ळ देश की भावी पीढ़ी हैं और उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना धैर्य व आत्मविश्वास के साथ करना चाहिए। विद्यालय निदेशक राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने तथा अपने रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने की शुभकामनाएँ दीं। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य पर बि्वास जताया। अंत में विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।




# विधायक मदन भैया ने डाक बंगले पर सुनीं जन समस्याएं



**जानसठ।** खतौली से लोकदल के विधायक मदन भैया ने जानसठ निरीक्षण भवन पर पहुंचकर वहां पहले से मौजूद क्षेत्र के लोगों की जन समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं से संबंधित निर्देशित करते हुए उनका निराकरण कराया। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक भाजपा के पूर्व चेयरमैन यनेश तवर के भाई नरेश तंवर उर्फ टीचू पिछले काफी समय से गंभीर बीमारी से ग्रस्त बीमार चल रहे थे। शनिवार को दिल्ली के अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के समाचार सुनने के उपरांत क्षेत्रीय विधायक मदन भैया उनके आवास पर पहुंचे एवं परिजनों को सांत्वना दी। इसके उपरांत विधायक मदन भैया ने डाक बंगले पर पहुंचकर क्षेत्र से आए लोगों की जन समस्याओं को सुना एवं उनका निराकरण कराया। इस दौरान भैसी गांव के पूर्व प्रधान सुनील चौधरी, अजय जनमेजय, कृष्ण पाल बैंसला, मनोज कुमार, सुमित चपराना, अमित पवार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## कारोबार में पाटर्नरशिप के नाम पर की धोखाधड़ी

**भोपा।** फर्म में पाटर्नरशिप के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकडा निवासी मनीष कुमार ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के

गांव निरगाजनी निवासी धर्मेन्द्र ने पीड़ित की जान पहचान अर्पित, संजय निवासीगण सुमननगर थाना रानीपुर से हरिद्वार कराई जहां दोनों आरोपियों ने बताया कि हमारी साझे मे एक फर्म है जो अच्छी-खासी चल रही है। उसमे धर्मेन्द्र, जितेंद्र निवासी जिला बाँदा व अर्पित की पत्नी रूचि संजय की पत्नी मेनका भी साझेदार हैं। तुम भी हमारी ‍र्म में पाटर्नरशिप कर लो पीड़ित इनके झांसे में आ गया और अलग-अलग बैंक खातों से करीब चालीस लाख रुपए आरोपियों के खाते में ट्रांस्फर कर दिए किन्तु आरोपियों ने उसे ‍र्म में पाटर्नर नहीं बनाया और रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित मनीष कुमार ने एसएसपी से आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

## भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी बोले......

# 22 फरवरी को नगवा गांव में होगी 4 जिलों की पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नवीन राठी ने बतलाया कि आगामी 22 फरवरी को ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव नगवा में चार जिलों के हजारों किसानों की एक विशाल पंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें किसानों की समस्याओं पर गंभीर चिंतन कर बड़े आंदोलन की रणनिति तैयार की जाएगी। इस महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत भी शामिल होंगे। भाकियू जिला अध्यक्ष नवीन राठी शनिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव वैल्ली में भारतीय किसान यूनियन के बुढाना तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार के भतीजे शिवम पंवार के विवाह समारोह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाकियू हमेशा से ही किसानों की लड़ाई लड़ने का काम करती आई है। इस बार किसानों की समस्याओं को लेकर गहन विचार विमर्श होगा। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भाकियू प्रदेश महासर्. चव योगेश शर्मा, भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, सुल्हे चौधरी, भाकियू जिला उपाध्यक्ष विकास त्यागी प्रधान, भाकियू बुढ़ाना नगर अध्यक्ष मौहम्मद इसरार, भाकियू बुढ़ाना तहसील उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद, प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सार्वजनिक सूचना

मैंने अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र सं0 B2025099002 00020262 पंजीकरण दिनांक 15-11-2025 जारी करने की दिनांक 18-11-2025 को बनवाया हुआ है। जिसमें मेरा नाम **कुशाग्र तोमर (KUSHAGRA TOMAR)** व मेरी पत्नी का नाम **हिमानी तोमर (HIMANI TOMAR)** व बच्चे की जन्मतिथि 29-09-2025 दर्ज है। मेरे पुत्र का नाम **गतिक्ष तोमर (GATIKSHA TOMAR)** सहवन गलती से दर्ज करा दिया था। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम **स्तव्य तोमर (STAVYA TOMAR)** रखना चाहता हूं। मेरे पुत्र का नाम **स्तव्य तोमर (STAVYA TOMAR)** पुत्र **कुशाग्र तोमर (KUSHAGRA TOMAR)** जाना व पढ़ा जावे।

**कुशाग्र तोमर पुत्र श्री संजय तोमर**, निवासी: म0नं0 387, ब्रहमपुरी, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।

### सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मरकजी मस्जिद लियाकतपुरा कमैटी, चौड़ी गली, लद्धावाला, तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर के पंजीकरण कराने हेतु आनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/ सदस्य है:-1.श्री अब्दुल जब्बार अध्यक्ष 2.श्री दिलशाद अहमद उपाध्यक्ष 3. मोहम्मद आरिफ अंसारी सचिव 4. श्री रफीक अहमद उपसचिव 5. श्री अब्दुल गफ्फार अंसारी कोषाध्यक्ष 6. श्री मोहम्मद शाहिद अंसारी सदस्य 7. श्री जहीर अहमद सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मस्जिद के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मस्जिद के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**( शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय )**
**सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, सहारनपुर**

### सूचना

मेरी पुत्री हया बतूल ज़ैदी, खदीजा जेहरा जैदी व पुत्र वारिस अली ज़ैदी के जन्म प्रमाण पत्र में गलती से पिता का नाम् सिकंदर अब्बास जैदी अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम सय्यद सिकंदर अब्बास जैदी है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सय्यद सिकन्दर अब्बास जैदी**
**निवासी 1152/6, मंगल बाजार**
**तहसील जानसठ**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 8361/16.8.2016 में गलती से पुत्र का नाम गितान्शु शांडिल्य अंकित हो गया था, जबकि वास्तव में नाम गीतान्शु शांडिल्य है। भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**अवनीश कुमार शर्मा**
**निगम रोड, सेलाकुइ,**
**देहरादून**

# उमरपुर चौकी इंचार्ज पर लगा रिश्वत लेने का आरोप

## पीड़ितों से बात करने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली परिसर का पीड़ितों से बात करते हुए का बुढ़ाना कोतवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें पीड़ित पक्ष उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने के बाद भी जायज कार्य नहीं करने का आरोप लगा रहा है।

बुढ़ाना थाना क्षेत्र की उमरपुर चौकी प्रभारी मोहित तेवतिया पर एक पीडित ने दस हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। आरोप है कि चौकी प्रभारी ने उसके मामले में मदद करने के नाम पर उससे रुपये लिए और काम नहीं किया बल्कि उसके विपक्षियों की मदद करने का किया। पीड़ित पक्ष के द्वारा लगाए गए आरोपों का एक वीडियो भी सामने आया है जो कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और वह 03 मिनट 56 सैकेंड का है। जिसमे पीड़ित पक्ष अपनी महिला अधिवक्ता के सामने बुढाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री को बता रहे हैं कि उनके चौकी इंचार्ज ने उनसे दस हजार ले लिए और उनका काम करने के बजाए आरो. पियों की मदद करने में लगे हैं। वायरल वीडियो में पीड़ित पक्ष चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। इस मामले की निष्पक्ष जांच हो ताकि सच सामने आए। पुलिस के उच्च अधिकारियों तक भी मामला पहुंचने की चर्चा है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब फिलहाल यह मामला जांच का विषय बना हुआ है।

# रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर किया गया कंबल का वितरण



**मोरना।** मोरना मे जानसठ मार्ग स्थित सतगुरु रविदास मंदिर मे शनिवार को हिन्द मजदूर किसान समिति द्वारा संत शिरोमणि रविदास महाराज की जंयती की पूर्व संध्या पर गरीब व जरूरमंदों को कम्बल वितरण किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरा. ेमणि रविदास महाराज के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। ब्लॉक अध्यक्ष पदम सिंह ने क्रांतिगुरू चन्द्रमोहन के संदेश में कहा कि आज समाज में जाति का जहर और नशा दोनों बहुत तेजी से फैल रहे हैं। जिस पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। कभी यूजीसी के नाम पर, दलित हिन्दू के नाम इत्यादि भिन्न भिन्न तरीकों से हमें बांटा जा रहा है जिससे हम कमजोर पड़ जायें और आपस में लड़ते रहें। ये सब विदेशी ताकतें और अपने ही देश में पल रहे सांपों के कारण हो रहा है जो एक तरफ तो देश को जाति का जहर दे रहें हैं वहीं दूसरी तरफ हमारी युवा पीढ़ी को नशे में उलझाकर देश के भविष्य को भी समाप्त कर रहें हैं। हमें जागना होगा इसीलिये मजदूरों किसानों ष्फसल से पहले नस्ल बचाओष क्यूंकि अगर नस्ल बच गयी तो वर्तमान और भविष्य दोनों सुरक्षित हो जायेंगे। लेकिन अगर नस्ल ही नहीं बची तो क्या करोगे?इस अवसर पर भाजपा शुकतीर्थ मंडल अध्यक्ष अरुणपाल, पंच उपेन्द्र, ब्लॉक उपाध्यक्ष अंकित मोरना, ब्लॉक उपाध्यक्ष मिन्टू तोफीर, ग्राम अध्यक्ष नरेश मोरना, विकास,पदम् सिंह, डॉ. पितम, कमल, अरुण,अजय, संदीप, संजू, मिन्टू, सोहनवीर, संजू, रजत, प्रवेश, अंकित, विकास, केन्द्रपाल आदि मौजूद रहे।

# सत्येंद्र पाल को मिल सकता है सपा का टिकट

**बुढ़ाना।** आजकल सोशल मीडिया पर समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल का नाम पूरी तरह से चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी के चलते हुए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से सत्येंद्र पाल की मजबूत दावेदारी मानी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों समाजवादी पार्टी से एक नाम लगातार चर्चा में बना हुआ है। सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक सत्येंद्र पाल को सपा की ओर से एक मजबूत दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में उनकी सक्रियता और सामाजिक समीकरणों के चलते उनका नाम तेजी से उभर रहा है। सत्येंद्र पाल वर्तमान में समाजवादी पार्टी के शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। सत्येंद्र पाल जमीनी स्तर के सक्रिय कार्यकर्ता माने जाते हैं।आज भी जिले में समाजवादी पार्टी के लिए निरंतर योगदान दे रहे हैं। सत्येंद्र पाल स्वयं भी राजनीतिक अनुभव रखते हैं। चुनावी अनुभव के साथ साथ क्षेत्र में उनकी पहचान एक सक्रिय और सामाजिक व शिक्षक मुद्दों से जुड़े नेता के रूप में रही है। सामाजिक दृष्टि से सत्येंद्र पाल पाल समाज से आते हैं और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में जाट, मुस्लिम, पाल, दलित और कश्यप का संतुलित



समीकरण उनके पक्ष में माना जा रहा है। बस यही कारण है कि राजनीतिक विश्लेषक उन्हें सपा के लिए एक मजबूत और स्वीकार्य चेहरा मान रहे हैं। स्थानीय कार्यकताओं का मानना है कि यदि समाजवादी पार्टी बुढ़ाना विधानसभा से सत्येंद्र पाल को टिकट देती है तो वे एक प्रभावशाली प्रत्याशी साबित हो सकते हैं और चुनावी मुक. ाबले को रोचक बना सकते हैं। फिलहाल सत्येंद्र पाल का नाम सपा के संभावित उम्मीदवारों में प्रमुखता से लिया जा रहा है और आने वाले समय में पार्टी की रणनीति पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। अगर देखा जाए तो बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल अपने दम पर एक दर्जन से भी अधिक बड़े बड़े प्रोग्राम करके सपा के बैनर तले भारी भीड़ जोड़कर सपा का कुनबा बढा चुके हैं।

## सवारियों से भरी ई-रिक्शा पलटी, सवारियां घायल

**बुढ़ाना।** बड़ौत रोड पर दयानंद मूर्ति के पास शनिवार को एक हादसा हो गया। सवारियों से भरी एक ई रिक्शा अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे ई रिक्शा में बैठी कई सवारियां घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क के बीचों बीच बने गहरे गड्ढे के कारण ई रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार दिलाया। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई लेकिन इस घटना ने सड़क की बदहाल स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर लंबे समय से गड्ढे बने हुए हैं जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।?

# सरसों प्रक्षेत्र दिवस पर किसानों को मिली उन्नत खेती की तकनीकी जानकारी

**मीरापुर।** कृषि विज्ञान केंद्र चित्तौड़ा द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जानसठ ब्लॉक के ग्राम कुतुबपुर में सरसों की उन्नत किस्म आर एच 725 पर संचा. लित समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के तहत सरसों प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को प्रदर्शन प्रक्षेत्र का भ्रमण कराकर सरसों की वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान एकीकृत फसल प्रबंधन के अंतर्गत प्राप्त परिणामों पर चर्चा की गई तथा किसानों द्वारा अपने अनुभव अन्य किसानों के साथ साझा किए गए। प्रक्षेत्र दिवस में लगभग 40 प्रगतिशील किसानों ने सक्रिय सहभागिता की। केवीके की वैज्ञानिक डॉ. रीना ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि एकीकृत फसल उत्पादन तकनीक, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा समन्वित कीट एवं रोग नियंत्रण अपनाकर सरसों की उपज में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरसों की किस्म आर एच 725 बरानी एवं सिंचित दोनों क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एककिता प्लॉट स्थित ग्राम शेरनगर परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर जो कि खसरा नम्बर 520/2 जिसकी पैमाईश पूरब 52 फिट, पश्चिम 50 फिट, उत्तर 132 फिट तथा दक्षिण 97 फिट कुल क्षेत्रफल 648.82 वर्गगज यानि 542.41 वर्गमीटर जिसकी सीमायें पूरब भूमि शेरदीन, पश्चिम भूमि दीगर व्यक्ति, उत्तर प्राईवेट रास्ता 20 फिट चौड़ा मांगेराम पुत्र स्व0 बलजीत सिंह तथा दक्षिण भूमि नानक वाली है, का हर तरह से मालिक व काबिज मांगेराम पुत्र स्व0 बलजीत सिंह निवासी ग्राम शेरनगर परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर है। यह प्लॉट भागमल व रामबल व जसबीर पुत्रगण स्व0 प्रकाशा व श्रीमती कस्तूरी पत्नी स्व0 प्रकाशा से दिनांक 08.07.2005 को खरीदा गया था। जो बही संख्या 1 की जिल्द 2581 के पृष्ठ 325 से 342 तक क्रंमाक 6486 पर दिनांक 08.07.2005 को उपनिबन्धक प्रथम मुजफ्फरनगर द्वारा पंजीकृत किया गया था। इस बैनामे के बाद इस प्लॉट पर बजरिये बैनामा मांगेराम पुत्र स्व0 बलजीत सिंह का कब्जा व दखल लगातार चला आ रहा है। कोई भी व्यक्ति किसी भी आदमी के बहकाये में आकर इस प्लॉट की खरीद फरोख्त करने की कोशिश न करे। ऐसा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मेरे द्वारा पुलिस में कठोर कार्यवाही की जायेगी।

**मांगेराम पुत्र स्व0 बलजीत सिंह**
निवासी: ग्राम शेरनगर परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।
मो0न0- 7060555525.

## चार को लगेगी महिला जागरूकता चौपाल

**मुजफ्फरनगर** । जिला प्रोबेशन अधिकारी, ने बताया कि सदस्य सचिव, उप्र राज्य महिला आयोग, गोमतीनगर लखनऊ के द्वारा 04. फरवरी 2026 को पूर्वान्ह: 11:00 बजे जनपद में महिलाओं से संबंधित विभिनन कल्याणकारी योजनाए विषयक जागरूकता चौपाल में स्वास्थ्य शिविर एवं महिला जनसुनवाई सदस्य सपना कश्यप, उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन,, कन्या सुमंगला योजनाओं से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने, बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना से जनपद की महिलाओं को लाभान्वित करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाना है। साथ ही यदि जनपद की किसी भी पीडित महिला/बालिकाओं को कोई समस्या है, तो सदस्य श्रीमती सपना कश्यप, उप्र राज्य महिला आयोग के समक्ष दिनांक-04.02.2026 को पूर्वान्ह: 11:00 बजे स्थान लोक निर्माण विभाग, मुजफ्फरनगर के (निरीक्षण भवन) गेस्ट हाऊस पर प्रार्थना सहित उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को रख सकते है।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीघ्र सुधार लाने की हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आयुक्त सहारनपुर मण्डल जनपद के नोडल अधिकारी डॉ रूपेश कुमार ने विकास भवन सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएम डैशबोर्ड,की समीक्षा भी की और बैठक रैंकिंग में सुधार लाने की हिदायत दी।

बैठक में मंडलायुक्त ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए शासन की मंशानुसार 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर आमजन की समस्याओं को सुनते हुए,उनकी समस्या का निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि उस व्यक्तिकी समस्या का स्पष्ट बता दे, की यह कार्य हो पाएगा या नहीं हो पाएगा,जिससे वह बारंबार परेशान ना हो। और कार्यालय के अनावश्यक रूप से व्यक्ति द्वारा चक्कर न लगाने पड़े उन्होंने कहा कि समस्या का निस्तारण हो सके। सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में डी एवं ई श्रेणी वाले विभागों की समीक्षा की उन्होंने संबंधित विभागो को अपनी रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य परियोजना में हो रहे निर्माण कार्य को समय-समय पर चेक किया जाए तथा प्रयोग होने वाली सामग्री को अवश्य चेक करते रहें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजना को समय अंतर्गत पूर्ण किया जाय, जो परियोजना पूर्ण हो गई है, उनको संबंधित विभाग को हैंड ओवर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने फैमिली आईडी की प्रगति लाने हेतु जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए ब्लॉक स्तर, नगर पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर फैमिली आईडी को बनाया जाए, इस कार्य में शिथिलता ना बरतनें के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए जहां-जहां पर सड़क का चौड़ीकरण किया गया है, ऐसी सड़कों को चेक कराते हुए सड़क के बीच में जो पोल लगें है, उसको साइड में शिफ्टट किया जाए। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की प्राथमिक विद्यालयों में सभी स्मार्ट क्लास में कंप्यूटर स्मार्ट टीवी संचा. लित रहे,छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा दिलाई जाए तथा मध्यान भोजन मीनुसार छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए समय समय पर विद्यालय का निरीक्षण भी किया जाए।उन्होंने लोक निर्माण कल्याण विभाग को निर्देश दिए रामपुर तिराहा से सहारनपुर रोड पर गड्ढा है, उसे तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों में ग्ढ्ढा हो गए हैं,उन सड़कों को गड्ढा मुक्त कराएं जाने की आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए शहर की जाम की स्थिति में सुधार लाने के लिए अतिक्रमण हटाए जाने की आवश्यक कार्रवाई करें।

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार तेवतिया, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहित अन्य सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर: बूथ कैंप का निरीक्षण करते सहारनपुर मण्डल आयुक्त।

# कमिश्नर ने देखी बूथ कैंप की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंडलायुक्त सहारनपुर मंडल सहारनपुर डॉक्टर रुपेश कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील सदर एवं डीएवी इंटर कॉलेज में लगे कैम्पों का निरीक्षण किया तथा संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, सहायक विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह, अपर जिला अधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे

# पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व विधायक के बीच हुआ क्रिकेट मैच




**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा में स्थित चौंपियन एकेडमी के भव्य मैदान में एक फेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर संजीव बालियान और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक की टीम आपस में भिडी। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर संजीव बालियान ने पूर्व विधायक उमेश मलिक की टीम को हराकर दो रनों से जीत हासिल कर जीत का तमगा हासिल किया। मैन आफ दा मैच जिला पंचायत सदस्य चीकू मलिक घोषित किये गये। यह मैच 20 ओवर का हुआ। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर संजीव बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, भूमि विकास बैंक बुढाना के चौयरमेन विनोद सैनी, सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के अध्यक्ष मोनू कुरथल, गांव बड़कता के प्रधान आशीष चौहान, कुलदीप बागड़ी, राम नरेश, नरेंद्र मलिक खरड, हिमांशु संगल, निर्भय सहरावत, पूर्व भाजपा बुढ़ाना मंडलघ अध्यक्ष मुकेश शर्मा और सचिन त्यागी सहित अनेक खिलाड़ी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान यहां पर सभी ने मेच उपरांत मिष्ठान का भी भरपूर मजा लिया।



मुजफ्फरनगर: मदरसे में छात्राओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

# शहीद दिवस पर मदरसे में सामूहिक राष्ट्रगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के अंबा विहार स्थित मदरसा इदारतुस सालिहात में शहीद दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से मेरा युवा भारत, मुजफ्फरनगर की ओर से एक भावपूर्ण कार्यक्रम व सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने छात्राओं एवं गणमान्य एवं व्यक्तियों के साथ उपस्थित रहकर सामूहिक राष्ट्रीय गान किया।

तत्पश्चात मनीष चौधरी ने अपने संबोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 30 जनवरी भारतीय इतिहास की सबसे गंभीर और भावुक तारीख है, जब सत्य और अहिंसा की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया था।उन्होंने कहा कि गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैंकृ जो आज भी सत्य बोलने वालों, गरीबों की मदद करने वालों और समाज में प्रेम व भाईचारे की अलख जगाने वालों में जीवित हैं।उन्होंने युवाओं से आफ्वान किया कि शहीद दिवस को केवल रस्म न मानकर, अहिंसा, संवाद और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में अल्शिफा निदा राणा आफिया शामिल रही। इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मेरठ प्रांत संयोजक फैजुरर्हमान के बताया कि आज अंबा विहार में मदरसा इदारतुस सालिहात में शहीद दिवस पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया, इसके अलावा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदरसे के प्रिंसिपल मौलाना हम्माद नदवी, मौलाना दानिश, मौलाना आस मोहम्मद, मौलाना आलम ज़ैनबी, डा. नजमुल हसन ज़ैदी ने भी महात्मा गांधी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और छात्राओं को विस्तार से उनके बलिदान के बारे में बताया सुरक्षा की दृष्टि के मध्य नजर चौकी इंचार्ज अंबा विहार अपने साथियों सहित आयोजन स्थल पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारत लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रपिता गांधी को श्रद्धांजलि और देश में शांति व सौहार्द बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया।

## युवक ने उधार के रुपये मांगे तो मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** एक युवक ने किसी अन्य युवक से जब अपने उधार के रुपये मांगे तो उसकी साथ मारपीट की गयी। जिसमें युवक के पैर में बहुत चोटें आई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्ण पुत्र सोमा निवासी ग्राम परासौली ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 29 जनवरी की शाम को वह अपने खेत पर जा रहा था। तब उसे रास्ते में सोनू मिला। जब उसने सोनू से अपने उधार दिए हुए रूपये मांगे तो वह गालियां देने लगा। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो सोनू ने उसको लाठी और डन्डों से मारा पीटा और फोन करके मौके पर ही अपने भाईयों शहजाद, अल्लाह मेहर और पप्पू को भी बुलवा लिया। जो हाथों में लाठी डंडे लिए हुए थे। सभी ने उसको हत्या करने की नीयत से पकड़ लिया और उसके पैर में खूब डंडे बरसाए। तभी शोर शराबा सुनकर मौके पर कुछ लोग आ गए तोघ सभी आरोपी उसको अपना रुपया मांगने पर हत्या की धमकी देकर फरार हो गये।



खतौली: हिन्दू स्वराज्य सम्मेलन की तैयारी करते कार्यकर्ता।

# हिंदू स्वराज्य अधिवेशन को लेकर खतौली में दिखा युवा जोश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मुजफ्फरनगर में आयोजित होने वाले छत्रपति शिवाजी सेना के हिंदू स्वराज्य अधिवेशन को सफल बनाने के लिए खतौली में युवाओं के बीच खासा उत्साह देखने को मिला।

इसी क्रम में बुधवार को गौरव शर्मा उर्फ बंटी के आवास पर एक संगठात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर 8 फरवरी को अधिवेशन में पहुंचने की सहमति व्यक्त की।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री सुमित बजरंगी (उत्तर प्रदेश) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की मजबूती के लिए संगठन, विचार और एकता बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हिंदू स्वराज्य की विच. ारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेश शर्मा ने की। बैठक में छत्रपति शिवाजी सेना के राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र कटारिया, अनुज भारद्वाज, प्रशांत पंडित, प्रदीप शर्मा, गौरव शर्मा (बंटी), शिवम आचार्य, आशुतोष शर्मा, चंदरपाल राजपूत, आयुष शर्मा, शेखर पंडित, अशोक शर्मा, नवीन त्यागी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के दौरान 8 फरवरी को मुजफ्फरनगर में होने वाले अधिवेशन को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए व्यापक जनसंपर्क और युवाओं की अधिकतम भागीदारी पर जोर दिया गया। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अधिवेशन में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना से रोष

**भोपा।** क्षेत्र के गांव मे जाति विशेष की नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश मे आया है। घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया। वहीं पुलिस ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया की रात के समय उसकी 17 वर्षीय पुत्री को एक युवक बहका फुसलाकर अपने साथ ले गया। जहां युवक ने जबरदस्ती बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। घर आकर युवती ने परिजनों को घटना के बारे मे बताया। वहीं युवक पर जातिगत भाषा का प्रयोग करने का आरोप भी पीड़ित ने लगाया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति सहित पोस्को एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की गोलू उर्फ हर्ष की गिरफ्तारी को लेकर विशेष टीम का गठन किया गया था। आरोपी को मुज़फ्फरनगर मार्ग स्थित रहकडा पुलिया से गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियुक्त के खिलाफ थाना पुरकाजी मे भी अवैध असलाह के मामले मे मुकदमा दर्ज है।

## साढ़े 5 किलो से अधिक गांजा बरामद

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक युवक को साढ़े पांच किलो से भी अधिक नशीले पदार्थ गांजा के साथ अरेस्ट कर जेल भेजा है। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने एक युवक को पकड़कर उसके पास से साढ़े 5 किलोग्राम से भी ज्यादा नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। दारोगा गुलाब तिवारी ने हैड कांस्टेबल अमित कुमार व कांस्टेबल पवन शर्मा की मदद से सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव वैल्ली मार्ग से एक संदिग्ध व्यक्ति को भागने के दौरान घेरकर पकड़ा जो सफेद बोरा लिए हुए था। पकड़े गये 23 वर्षीय नवयुवक ने अपना नाम आर्यन सिंह पुत्र सतेन्द्र उर्फ पप्पू निवासी ग्राम बडौदा बताया। बोरे को खोला गया तो उसमें गांजा निकला। पूछताछ में आर्यन ने बताया कि मेरे पिता सतेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र रामपाल, चाचा रविन्द्र उर्फ नौमान, भाई आयुष ग्राम बडौदा व नील कमल पुत्र मुन्ना निवासी हडौली भौरांकला मिलकर नील कमल की गाडी में पानीपत से गर्म कंबल लेकर उडीसा जाते हैं तथा उडीसा से इन्हीं गर्म कपड़ो में छिपाकर गांजा लाते हैं। जिसे हम सब मिलकर आते जाते व्यक्तियों को बेच देते थे। आज भी मैं गांजे को बोरे मे भरकर रोज की तरह आते जाते लोगों को बेंच रहा था। बुढाना पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने के बाद नवयुवक को जेल भेज दिया है।

## दयानंद इंटर कॉलेज में दी गई बिदाई पार्टी

**बुढ़ाना।** दयानन्द इण्टर कालिज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी गयी। आज दयानन्द इण्टर कालिज बुढाना में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियो का विदाई समारोह का आयोजन किया। कक्षा 11 के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा के लिए सभी विद्यार्थियों को 2-2 पैन उपहार स्वरूप दिये। विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाया और स्वागत गीत के साथ सभी का स्वागत किया। कक्षा 12 के विद्यार्थी इस प्रकार के सम्मान को पाकर भावुक हो गये। विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने सभी विद्यार्थियों को संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी। विद्यालय की संचालिका उमेश सहरावत ने कहा सभी विद्यार्थियों को नल के नीर की तरह अपना स्वभाव रखना चाहिए। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में विस्तार से समझाया। सहायक अध्यापक सोनू कुमार ने बताया कि अब सभी विद्यार्थियों की नजर अर्जुन की भांति अपने लक्ष्य पर होनी चाहिए। गणित के अध्यापक नरेश ने सभी विद्यार्थियों के लिए विदाई गीत गाकर माहौल को नम बना दिया। इस प्रकार सभी विद्यार्थियों ने नम आँखों से अपने विद्यालय से विदाई ली।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत, विद्यालय की संचालिका श्रीमती उमेश सहरावत, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सोनू कुमार, नितिन, हरेन्द्र, अमित, सुनीता, दीपा और रजनी सहित समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## भव्य मंगल प्रवेश: खतौली पधारेंगी आर्यिका पूर्णमति माताजी , जैन समाज में हर्ष

**खतौली।** जैन समाज के लिए हर्ष और गौरव का अवसर है। आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी मुनिराज की परम प्रभावक शिष्या, उच्च कोटि की लेखिका, स्वर कोकिला एवं कवयित्री आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माताजी का ससंघ भव्य मंगल प्रवेश शीघ्र ही खतौली की पावन धरा पर होने जा रहा है। वर्तमान के वर्धमान कहे जाने वाले ऐसे महान संत-शिरोमणि, जिनमें आचार्य कुंदकुंद स्वामी, आचार्य समंतभद्र स्वामी और आचार्य अकलंक देव जैसे अनेक महान आचार्यों की छवि परिलक्षित होती है, उनके सान्निध्य में दीक्षित आर्यिका पूर्णमति माताजी का यह विहार जैन समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक माना जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माताजी का विहार हस्तिनापुर से 1 फरवरी 2026 (रविवार) को सुबह 11:30 बजे बड़े मंदिर से खतौली के लिए प्रारंभ होगा। माताजी का अनुमानित मंगल प्रवेश 3 फरवरी को खतौली में होने की संभावना है। प्रवेश कार्यक्रम से जुड़ी विस्तृत जानकारी एवं समय सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को शीघ्र प्रेषित की जाएगी। इस अवसर को लेकर सकल जैन समाज खतौली में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समाज के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। निवेदक सकल जैन समाज खतौली के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन (जैन मंडी), महामंत्री संजय जैन (दादरी वाले) एवं कोषाध्यक्ष अरुण कुमार जैन (औषधि वाले) ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की ।

## अमर शहीद राजा रतन चंद की 362वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली

**मीरापुर।** राजवंश समाज के प्रवर्तक अमर शहीद राजा रतन चंद की 362वीं जयंती के उपलक्ष्य में वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा बैंड-बाजों के साथ दायमपुरा स्थित काली मंदिर से प्रारंभ होकर राजा रतन चंद की जन्मस्थली ग्राम मुकल्लमपुरा तक निकाली गई, जहां स्थान-स्थान पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। अमर शहीद राजा रतन चंद का जन्म वर्ष 1665 में मीरापुर क्षेत्र के ग्राम मुकल्लमपुरा में हुआ था।

कार्यक्रम संयोजक शिवम राजवंशी ने बताया कि 31 जनवरी को जन्मस्थली ग्राम मुकल्लमपुरा तक झंडे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राजा रतन चंद के स्वरूप को विराजमान किया गया। शोभायात्रा दायमपुरा काली मां के मंदिर से प्रारंभ होकर राजा जी के किले तक पहुंची, जहां उनके राजध्वज को विधिवत रूप से विराजमान किया गया। शोभायात्रा के दौरान उपस्थित लोगों ने अमर शहीद राजा रतन चंद अमर रहें के नारे लगाए और उनके आदर्शों व सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार से ऐतिहासिक धरोहर के रूप में राजा रतन चंद के किले एवं अन्य स्थलों के जीर्णोद्धार की मांग भी की गई। शोभायात्रा का शुभारंभ केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल एवं मुख्य संयोजक शलभ गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम में प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विपिन गुप्ता, अजय गर्ग, अश्वनी सिंघल, मनीष राजवंशी, राजीव गर्ग, पुलकित गुप्ता, आशुतोष राजवंशी, अनुपम गुप्ता, दीपक गुप्ता, संदीप राजवंशी, सुधीर गुप्ता, पंकज गुप्ता, रूपेश गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, इशू गुप्ता, सौरभ कुच्छल, अप्पू राजवंशी, पंकज गुप्ता, माणिक गर्ग, अभिमन्यु गर्ग, पंकज बघरा वाले, हर्ष राजवंशी आदि मौजूद रहे।

# परासौली में मतदाता जागरूकता को मिली मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम परासौली में स्थित प्राइमरी स्कूल नंबर एक में शनिवार के दिन बीएलओज के द्वारा मतदाता सूची से संबंधित विशेष कैंप का आयोजन किया गया।



इस कैंप में समाजवादी पार्टी की टीम के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा, लगन और मेहनत के साथ सक्रिय भूमिका निभाई। कैंप के दौरान समाजवादी टीम से बाबू अंसारी, आसिफ राणा, हाजी महबूब और नसीम खान सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं ने नए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने तथा पुराने मतदाताओं के नामों में संशोधन कराने का कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ किया। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्हें लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। कार्यकर्ताओं के सहयोग से ग्राम परासौली में मतदाता सूची से जुड़ा अधिकांश कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर कैंप में हिस्सा लिया और अपने दस्तावेजों के माध्यम से मतदाता सूची से संबंधित कार्य कराए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के कैंप से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलती है। टीम सदस्यों ने कहा कि वे आगे भी इसी तरह जनसेवा व लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे।

# एआई टास्क प्रतियोगिता में एसडी इंजीनियरिंग के छात्रों ने बनाया कीर्तिमान

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि कॉलेज में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में अध्ययनरत छात्रों माधव कात्यायन एवं निखिल तोमर ने संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। 'ऑल इंडिया टॉप 250' में देशभर से प्रतिभाग करने वाले कुल 2915 विद्यार्थियों में से में कॉलेज के दो छात्रों माधव कात्यायन एवं निखिल तोमर ने जगह बनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पूरे भारत में एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एकमात्र ऐसा कॉलेज है, जिसके दो छात्रों का इस प्रतिष्ठित सूची में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता गूगल द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर का इवेंट था, जिसमें प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रश्न एवं टास्क दिये गये थे। इन समस्याओं को गूगल के विभिन्न टूल्स' की सहायता से निर्धारित समय-सीमा से भी कम समय में हल करना था। अपनी तकनीकी दक्षता, त्वरित निर्णय क्षमता और नवाचारपूर्ण सोच के बल पर दोनों छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये यह रैंक प्राप्त की। इस शानदार उपलब्धि के लिये दोनों छात्रों को गूगल इंटर्नशिप प्रदान की जायेगी और साथ ही रू0 8500 की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जायेगी।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव श्री अनुभव कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा यह उपलब्धि हमारे छात्रों की निरंतर मेहनत, तकनीकी दक्षता और नवाचार की सोच का परिणाम है। यह हमारे संस्थान की गुणवत्ता-आधारित शिक्षा प्रणाली और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को भी दर्शाती है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी निरंतर विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता आ रहा है और करता रहेगा।निदेशक डॉ. सिद्धार्थ



शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा गूगल जैसे वैश्विक प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म पर हमारे छात्रों का चयन होना कॉलेज के लिए अत्यंत गौरव की बात है। यह दर्शाता है कि हमारे छात्र न केवल अकादमिक रूप से मजबूत हैं, बल्कि तकनीकी नेतृत्व और नवाचार की क्षमता भी रखते हैं। हम सदैव छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे वे वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर सकें।कॉलेज के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्यों ने भी दोनों छात्रों को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# घने कोहरे में मेरठ-करनाल हाईवे पर भीषण हादसा

## दो ट्रक आपस में भिड़े, बाल-बाल बचे चालक







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** घने कोहरे के चलते देर रात मेरठ.करनाल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव केतू के समीप खोकरी नदी पर बने संक्रमण पुल पर यह हादसा उस समय हुआ, जब एक 18 टायरा ट्रक के सामने अचानक नीलगाय आ गई। नीलगाय को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने ब्रेक लगाए, जिससे वाहन असंतुलित होकर डिवाइडर तोड़ता हुआ सड़क की दूसरी ओर जा पहुंचा और पुल की रेलिंग तोड़ते हुए ट्रक का अगला हिस्सा खोकरी नदी में जा गिरा।

हादसे में शामिल 18 टायरा ट्रक चालक शहरुद्दीन निवासी जिला भरतपुर द्धराजस्थानत्रः ने बताया कि वह रुड़की के भगवानपुर में अपना ट्रक खाली करने के बाद चावल लोड कराने के लिए तरावड़ी द्धहरियाणात्रः जा रहा था। जैसे ही वह मेरठ.करनाल हाईवे पर गांव केरटू के पास पहुंचा, अचानक सामने से आवारा नीलगाय आ गई। उसे बचाने के लिए ब्रेक लगाने पड़े, जिससे ट्रक नियंत्रण से बाहर हो गया। इसी दौरान करनाल की ओर से बागपत जनपद के टटीरी अग्रवाल मंडी निवासी सुनील कुमार अपने खाली ट्रक को लेकर आ रहे थे। घना कोहरा होने के कारण उन्हें पुल पर लटके हुए क्षतिग्रस्त ट्रक का समय रहते अंदाजा नहीं हो सका। . श्यता बेहद कम होने के चलते उनका ट्रक अनियंत्रित हो गया और सीधे 18 टायरा ट्रक में जा टकराया, जिससे हादसा और भी भयावह हो गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। गनीमत यह रही कि दोनों ही ट्रक चालकों को कोई गंभीर चोट नहीं आई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है और कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि घने कोहरे और आवारा पशुओं की वजह से इस मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से हाईवे पर पशुओं की रोकथाम और कोहरे के समय सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

### घने कोहरे और पाले की फुहार से ठिठुरा नगर, सड़कों पर थमी रफ्तार

**थानाभवन।** शनिवार की सुबह कस्बे में घना कोहरा छा गया, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। सुबह के समय हल्की-हल्की फुहार के साथ पाले की परत जमने लगी, जिससे ठंड और भी तीखी महसूस हुई। कोहरे की वजह से मुख्य मार्गों पर वाहन चाल. कों को लाइट जलाकर धीरे-धीरे चलना पड़ा।सुबह की ठिठुरन में लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए, जबकि दुपहिया वाहन सवारों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। खेतों और खुले इलाकों में पाले की सफेदी साफ दिखाई दी, जिससे फसलों पर असर पड़ने की आशंका भी जताई जा रही है।हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने के साथ ही मौसम धीरे-धीरे सामान्य हो गया और लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। कोहरा छंटने पर बाजारों और सड़कों पर फिर से रौनक लौटी।

### जिलेभर में छाया रहा घना कोहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनवरी माह के अंतिम दिन शनिवार को जिले में घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। सुबह के समय हालात यह रहे कि चंद कदमों की दूरी पर भी रास्ता दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थमी रही और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शनिवार को कोहरे के साथ-साथ तापमान में अचानक आई गिरावट ने ठंड को और बढ़ा दिया। सर्द हवा के चलते लोगों के शरीर में कंपकंपी छूटती नजर आई। सुबह और पूर्वाह्न के समय लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते दिखे। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और दफ्तर जाने वाले लोगों को अधिक दिक्कत हुई। घने कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ा। हाईवे और प्रमुख सड़कों पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। कई स्थानों पर .श्यता बेहद कम होने के कारण हादसों की आशंका बनी रही। हालांकि दोपहर करीब दो बजे के बाद मौसम ने करवट ली। कोहरा धीरे-धीरे छंट गया, आसमान साफ हुआ और धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

धूप निकलते ही ठंड का असर कुछ कम हुआ और बाजारों में रौनक लौट आई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी सुबह-शाम ठंड का असर बना रह सकता है, जबकि दिन में धूप निकलने से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार को कोहरा छाए रहने से यातायात पर भी इसका प्रभाव पडा है। बसों में यात्रियों की संख्या कम रही।

## नगर में बूथों पर मतदाता सूची सुधार अभियान शुरू नए वोट बने, कई नामों में हुआ सुधार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को दुरुस्त करने के उद्देश्य से कस्बा थानाभवन के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं के नए वोट बनाए गए, वहीं पहले से दर्ज मतदाताओं के नाम, पता व अन्य विवरणों में आवश्यक करेक्शन भी किया गया।यह अभियान लाला लाज पत राय इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज तथा प्राथमिक विद्यालय नम्बर 1, किसान इण्टर कोलिज, सरस्वती जूद्ध हाई स्कूल में आयोजित किया गया, जहां बूथ लेवल अधिका. रियों द्वारा मतदाताओं से आवेदन लेकर दस्तावेजों का सत्यापन किया गया।अभियान के दौरान पहली बार मतदाता बनने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं कई नागरिकों ने अपने नाम, जन्मतिथि और पते में त्रुटियों को सही कराया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे समय रहते अपनी मतदाता सूची की जांच कर आवश्यक संशोधन अवश्य करा लें ताकि आगामी चुनावों में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

स्थानीय नागरिकों ने इस सुविधा के लिए निर्वाचन विभाग का आभार जताया और कहा कि स्कूलों में शि. विर लगने से लोगों को आसानी से सुधार का अवसर मिला।

## एक नजर

### मंदबुद्धि को परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक मंदबुद्धि महिला को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया है। थाना आदर्शमंडी पुलिस को 30 जनवरी को पीआरवी-1930 के माध्यम से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र की सदाशिव कॉलोनी में लगभग 20 वर्ष की एक मंदबुद्धि महिला घूमती हुई पाई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से बातचीत कर उसका नाम-पता जानने का प्रयास किया, लेकिन महिला कोई जानकारी देने में असमर्थ रही। इसके बाद पुलिस द्वारा महिला को महिला हेल्प डेस्क महिला कांस्टेबल की निगरानी में वन स्टॉप सेंटर, बनत में सुरक्षित रूप से दाखिल कराया गया। साथ ही थाना आदर्शमंडी पुलिस टीम ने सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से महिला के परिजनों की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए। पुलिस के अथक प्रयासों के फलस्वरूप महिला की पहचान बुशरा पत्नी खालिद के रूप में हुई। बाद में महिला को उसके परिजन सास नसीमा और जेठ नौशाद, निवासी ग्राम इस्लामपुर भैसानी, थाना थानाभवन, जनपद शामली के सुपुर्द किया गया।

### सेवानिवृत्ति पर पुलिस कर्मियों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों को शनिवार को सम्मानित किया गया। पुलिस कार्यालय शामली के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरविन्द चौहान एवं पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर निरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस रामेश्वर दयाल तथा मुख्य आरक्षी चालक विनोदपाल राणा को पुलिस विभाग में दिए गए उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मद्भगवद्गीता की प्रति भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य तथा उनके परिवार के सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और समर्पित कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुलिसकर्मी विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। इस मौके पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे और सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

### जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सलेमपुर मार्ग स्थित हमजा कॉलोनी के एक मकान में जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी व 1220 रूपए नगद बरामद किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर चालान कर दिया है।शनिवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि सलेमपुर मार्ग स्थित हमजा कॉलोनी के एक मकान में कुछ लोग गिरोह बनाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सुनील दत्त पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर चार जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से ताश की गड्डी व 1220 रूपए नगद बरामद किए। गिरफ्तार जुआरियों ने अपने नाम आशू, आयान, जावेद व समीम निवासी कांधला बताए। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद चालान कर दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि जुआ खेलने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

### इंडियन बैंक के सहायक का विदाई समारोह संपन्न



**शामली।** इंडियन बैंक के विशेष सहायक राजेश सिंह चौहान के सेवा. निवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राजेश सिंह चौहान को बैंककर्मियों ने उपहार देकर भावपूर्ण विदाई दी। शनिवार को शहर के धीमानपुरा स्थित इंडियन बैंक (इलाहबाद बैंक) में पिछले 20 सालों से अपनी सेवाऐं प्रदान कर रहे बैंक कर्मी राजेश सिंह चौहान के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक मैनेजर संदीप कुमार ने राजेश सिंह के कार्यकाल की सराहना की। कहा कि मधुर व्यावहार के कारण अधिकतर उपभोक्ता राजेश सिंह के पास ही आते थे। उनकी कडी परिश्रम के चलते बैंक को ऊंचाईयां मिली। इस दौरान बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों ने उन्हे उपहार भेट किए और भावपूर्ण विदाई दी। ऋचा, अंकिता, परवीन, अंकित, अशोक, अनिल, पंकज आदि आदि मौजूद रहे।

## कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में शनिवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा समस्त शिक्षकगण एवं कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का तिलक व पुष्प भेंट कर सम्मान करने के साथ हुई। इसके पश्चात प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उपप्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, गायन, नाटड प्रस्तुति, रैंप वॉक, खेल प्रतियोगिताएं, मजेदार टाइटल राउंड, क्विज और फन गेम्स ने समारोह में समां बांध दिया। नाटक के माध्यम से कक्षा 11 के छात्रों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन के यादगार अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय उनके लिए केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि जीवन का वह बागीचा है जहां उन्होंने ज्ञान, मित्रता और अनुशासन के अमूल्य संस्कार प्राप्त किए।

शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन और स्नेह उनके जीवन की अमूल्य पूंजी रहेगा। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि विदाई अंत नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत होती है। विद्यार्थियों से उन्होंने अपने संस्कार, परिश्रम और अनुशासन के बल पर विद्यालय का नाम रोशन करने का आ]वान किया और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान 'मिस्टर फेयरवेल' का खिताब चिराग को और मिस फेयरवेल का खिताब वेदांगी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



## सभी बूथों पर चला मतदाता पुनरीक्षण कार्य





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को जनपद शामली के सभी 1129 मतदान बूथों पर दावे और आपत्तियों की सुनवाई की गई। इस विशेष अभियान के तहत शामली विधानसभा क्षेत्र के 372 मतदान बूथों तथा शहर क्षेत्र के 278 बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे और मतदाताओं को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी प्रदान की।

बीएलओ ने नागरिकों को बताया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और नाम, उम्र, पता अथवा अन्य विवरणों में यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसे समय रहते सुधारा जा सके। इसी उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागरिक अपने-अपने मतदान बूथों पर पहुंचे।

शहर के हिंदू कन्या इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज, वीवी इंटर कॉलेज, आरके इंटर कॉलेज, नंद. प्रसाद प्राथमिक विद्यालय, गुजरातियान बालिका विद्यालय, देशभक्त इंटर कॉलेज तथा बिग्रेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने सूची में अपने नाम, उम्र, पता व अन्य विवरणों की जांच की। जो मतदाता पहली बार मतदान के पात्र बने थे, उन्होंने फार्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरत्रः के दौरान जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं मिले या जिनके विवरण में त्रुटियां पाई गईं, उन्होंने मौके पर ही अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। बीएलओ ने नागरिकों को फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 की प्रक्रिया की जानकारी भी दी और बताया कि नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचे।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली विनय कुमार सिंह भदौरियां ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 6 फरवरी तक स्वीकार की जाएंगी।विशेष अभियान के अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेवल एजेंटों के साथ प्रात: 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक मतदाताओं से दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।

## महाशिवरात्रि को लेकर शिवभक्तों का आगमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि को लेकर शिवभक्तों में उत्साह चरम पर है। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालु अब शामली से होकर गुजरने लगे हैं। बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवभक्त आस्था और भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं।

15 फरवरी को फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इसी को लेकर देश के विभिन्न राज्यों से शिवभक्त हरिद्वार पहुंचकर गंगा जल लेकर अपने-अपने गांवों और शिवालयों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। शामली से गुजरने वाले कांवड़ियों का सिलसिला अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। शनिवार को राजस्थान के पुष्कर निवासी रमेश पुरी और संतोष कुमार रंग-बिरंगी कांवड़ कंधों पर उठाए शामली से होकर गुजरे। दोनों शिवभक्तों ने बताया कि उन्होंने 26 जनवरी को हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी से पवित्र गंगाजल उठाया था। वे महाशिवरात्रि के दिन अपने गांव पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक करेंगे। स्थानीय लोगों ने भी दोनों शिवभक्तों का स्वागत किया। जैसे-जैसे महाशिवरात्रि नजदीक आएगी, वैसे-वैसे शिवभक्तों की संख्या में और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है।

## बाइक का चालान काटने पर लाइनमैन ने चौकी की बिजली काटी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना/बिडौली।** विद्युत संविदा कर्मी की बाइक का चालान काटने से नाराज लाइनमैन ने चौकी की विद्युत सप्लाई काट दी। जब चौकी इंचार्ज ने सप्लाई जोड़ने को कहा, तो उन्होंने स्पष्ट मना कर दिया और कहा कि,हम सप्लाई नहीं जोड़ेंगे। इस पर चौकी इंचार्ज ने उसे देख लेने की धमकी दी। लाइनमैन का कहना है कि अगर उसे कुछ होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी चौकी इंचार्ज की होगी।

कमालपुर बिजली घर से आसपास के गांवों में विद्युत सप्लाई की जाती है। यमुना पुल तक भी कमालपुर बिजली घर से ही विद्युत सप्लाई जाती है। बुधवार को कुशल लाइनमैन रिजवान और आशु पेट्रोल मेन लाइनों की पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग करते समय उनकी बाइक संख्या यूपी 19एम 3035 में पेट्रोल खत्म हो गया। इस पर आशु निवासी अजीजपुर पुल के पार जाकर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने चला गया। लाइनमैन का आरोप है कि पेट्रोल भरने जाते समय चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पीछे से बाइक का फोटो खींचकर बिना हेलमेट के घ्1000 का चालान काट दिया। उसके बाद, जब वह पेट्रोल भरवाकर वापस आया, तो उसे रोक कर फिर से बिना हेलमेट के घ्1000 का चालान काट दिया। चालान कटने का पता उन्हें शुक्रवार को मोबाइल पर मैसेज आने के बाद चला। इस पर विद्युत कर्मचारी रिजवान, रविंद्र कुमार जिला अध्यक्ष, सुनील, कुलदीप, रामकिशोर, लखविंदर आदि इकठा होकर शुक्रवार को दोपहर बाद चौकी इंचार्ज के पास पहुंचे और एक ही समय में दो चालान काटने की बात बताई। इस पर चौकी इंचार्ज योगेंद्र सिंह ने यह कहकर उन्हें वहां से भेज दिया कि, अब चालान कट गया तो कट गया। इसके बाद, गुस्साए लाइनमैनों ने बिडोली चौकी की विद्युत सप्लाई काट दी। विद्युत सप्लाई काटने के बाद, उन्होंने यह जानकारी अपने जूनियर इंजीनियर कुमार संजीव सौरभ को दी। इस पर उन्होंने कहा, आपको जो अच्छा लगता है, करो। मैं कल आकर देखूंगा।ष जब चौकी इंचार्ज को चौकी की लाइन काटने का पता चला, तो उसने लाइनमैन रिजवान को फोन कर लाइन जोड़ने को कहा। इस पर उन्होंने चौकी की लाइन जोड़ने से मना कर दिया। लाइनमैन का आरोप है कि लाइन न जोड़ने पर चौकी इंचार्ज ने उसे देख लेने की धमकी दी। लाइनमैन का कहना है कि वर्षों से बिडोली चौकी पर अवैध रूप से विद्युत सप्लाई चलाई जा रही है। न वहां कोई मीटर है, न ही उन्होंने कोई कनेक्शन लिया है। चोरी से विद्युत सप्लाई चलाई जा रही है। इस मामले को लेकर विद्युत कर्मचारियों और चौकी इंचार्ज में ठन गई है। लाइनमैन का कहना है कि, कुछ भी हो जाए, चौकी की लाईन नहीं जोडी जाएगी।

इस बारे में जब जूनियर इंजी. नियर कुमार संजीव सौरव से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से मजदूर की मौत



### टंकी निर्माण स्थल से 11 हजार वोल्ट की लाइन गुजरने के बावजूद नहीं कराया गया शटडाउन, सुरक्षा उपाय नहीं थे अपनाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ग्राम रंगाना में जल निगम की पानी की टंकी निर्माण कार्य के दौरान सोमवार सुबह सुरक्षा उपायों की गंभीर लापरवाही के चलते एक मजदूर की मौत हो गई। निर्माण स्थल पर सरिया उठाते समय वह ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे करीब 25 वर्षीय मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान धर्मेंद्र पुत्र नन्हा निवासी ग्राम नोसाना, जिला बदायूं के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टंकी पर फर्मा और प्लेट लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान धर्मेंद्र के हाथ में सरिया लेते ही वह हाईटेंशन लाइन से छू गया और वह करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है, जो घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं। ठेकेदार कैलाश पुत्र बीरपाल, निवासी बदायूं ने बताया कि मजदूर नियमित रूप से कार्य कर रहे थे और किसी को अंदेशा नहीं था कि सरिया लाइन से टकराएगा। हादसे के बाद निर्माण कार्य तत्काल रोक दिया गया है। टंकी निर्माण स्थल के पास से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजरने के बावजूद लाइन का शटडाउन या अन्य कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए थे, जिसे हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। इस घटना में घटनास्थल पर मौजूद अन्य 8-10 मजदूर बाल-बाल बच गए। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मृतक मजदूर के परिजनों के आने के बाद उनके आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधान संदीप कुमार ने बताया कि जल निगम द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है जिससे हमारा कोई संबंध नहीं है सरिया सीधे करते समय हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की करंट से मौत हो गई उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है परिजनों के आने के बाद अग्रिम कार्रवाई कराई जाएगी।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान चला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के तहत विशेष अभियान दिवस के अन्तर्गत मती अर्चना शर्मा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, शामली व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 10-शामली, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ठस्ठ एवं सुपरवाईजर द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में फार्म-6 भरने हेतु प्रेरित किया गया और मतदान के महत्व से भी अवगत कराया। बताते चलें कि जनपद में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य बहुत मेहनत और समर्पण से किया जा रहा है। हजारों कर्मचारियों द्वारा रात दिन परिश्रम किया जा रहा है ताकि मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाया जा सके। इस प्रक्रिया में आम-जन के सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया गया, क्योंकि जन-सहयोग के बिना इतने वृहद स्तर का कार्य त्रुटिरहित सम्पन्न कराया जाना अत्याधिक कठिन होगा। विशेष अभियान के तहत कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है वह फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत करा सकता है एवं निर्वाचक नामावलियों में पूर्व से दर्ज मतदाता अपने नाम, पिताध्पति के नाम, मकान नम्बर इत्यादि के त्रुटियों के लिए फार्म-8 भरकर उनका निराकरण करा सकता है। आज के इस विशेष अभियान दिवस पर हजारों की संख्या में नए मतदाता जोडे गए।

## सवा करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिडौली-मंगलौरा मार्ग से नकीम निवासी ग्राम कपूरी, थाना नकुड, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 630 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 26 लाख रूपए बताई जा रही है। तस्करी में प्रयुक्त एक एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ली है। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था और झिंझाना व कैराना क्षेत्र में सक्रिय रहकर स्मैक की सप्लाई करता था। पूछताछ में अभियुक्त नकीम ने बताया कि उसके पास से पकड़ी गई स्मैक वह अपने ही गांव कपूरी निवासी दानिश पुत्र इकराम से खरी.दकर लाता था।

## एक नजर

### मत्स्य विभाग के कैंप में लोगों के कराए गए पंजीकरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिड़ौली।** शनिवार को गांव झिमरान बिड़ौली में ग्राम प्रधान कपिल के आवास पर मत्स्य विभाग पालक कल्याण कोष की ओर से एक पंजीकरण कैंप आयोजित किया गया। कैंप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण सहजाद अहमद, योगेंद्र सिंह फिशरमैन, वीएलई शाकिर अली, नासिर अली और राजीव कुमार द्वारा लोगों की सहायता की गई। कैंप के दौरान अधिकारियों ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालकों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण तथा जलीय कृषि बीमा (मत्स्य बीमा) से संबंधित प्रशिक्षण और ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। शिविर में मत्स्य पालन से जुड़े किसानों ने पहुंचकर विभागीय योजनाओं का लाभ लिया। करीब 50 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। अधिकारियों ने बताया कि पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, पट्टे पर आबंटित तालाब का शर्तनामा, मत्स्य बीज क्रय की रसीद तथा निजी तालाब के लिए खतौनी आवश्यक है।

## स्कूटी सवार दो छात्राएं घायल

**स्योहारा।** शीतल (21 वर्ष) पुत्री भूदेव सिंह एवं नेहा (19 वर्ष) पुत्री कुशलवीर दोनों निवासी राणा नगला थाना स्योहारा स्कूटी से लक्ष्य कॉलेज में परीक्षा देने जा रही थी। जैसे ही छात्राएं सारंग स्कूल के पास ग्राम श्यामाबाद मुरादाबाद रोड पर पहुंची, उसी दौरान धामपुर डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी17टी-9083, जो मुरादाबाद की ओर जा रही थी से स्कूटी सवार छात्राओं की अचानक मोड़ने के दौरान टक्कर हो गई। हादसे में दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीएचसी स्योहारा पहुंचा कर उपचार कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर मुरादाबाद रैफर कर दिया गया।

# शिरोमणि रविदास जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज शनिवार को संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद ने की, जबकि संचालन बृजेश कुमार ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना तथा संत रविदास के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। आचार्य सीताराम ने संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उच्चकोटि का समाज सुधारक, महान कवि एवं दार्शनिक बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार सम्पूर्ण मानव समाज के कल्याण की भावना से ओतप्रोत हैं। उन्होंने ऊंच-नीच की भावना तथा ईश्वर भक्ति के नाम पर होने वाले विवादों को निरर्थक बताते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और समरसता के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। आचार्य सीताराम ने कहा कि व्यक्ति जन्म या व्यवसाय से नहीं, बल्कि अपने विचारों की श्रेष्ठता, समाजहित में किए गए कार्यों और सदाचार से महान बनता है। उन्होंने संत रविदास के प्रसिद्ध विचार मन चंगा तो कठौती में गंगा को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद ने संत रविदास के जीवन से प्रेरणा लेने का आ]वान करते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारने की अपील की।

कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य मलूक चंद, नीटू कुमार, मधुबन, ब्रजपाल, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, ललित कुमार, परितोष कुमार, सुखदेव कुमार, अशोक सोम, भानू कुमार, सागर कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा प्रकट दिवस पर हवन पूजन एवं भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** नगर में शनिवार को सृस्टि रचियता भगवान विश्वकर्मा के प्रकट दिवस पर मोहल्ला कानूनगोयान में स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में सुबह के समय विधिवत रूप से हवन पूजन किया गया जिसमे मनीष धीमान व उनकी पत्नि यजमान के रूप में मौजूद रहे ओर भगवान विश्वकर्मा की आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, उसके बाद मोहल्ला रज्जो की मोरी में स्थित विश्वकर्मा हनुमान मन्दिर में हवन, पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर राजकुमार जागिंड व उनकी पत्नि यजमान के रूप में मौजूद रहे! दोनों जगह पर नगर सहित क्षेत्र के विश्वकर्मा समाज एवं सनातन धर्म से ताल्लुक रखने वाले सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हवन पूजन पंडित विनोद विश्वकर्मा भड़ल बागपत व पंडित देवेन्द्र शर्मा द्वारा कराया गया! इस दौरान ज्योतिषाचार्य राजेन्द्र स्वामी ने बताया की विश्वकर्मा पूजा का आयोजन वर्ष में तीन बार होता है माह शुक्ल पक्ष की त्रिरोदसी प्रकट उत्सव, ओर 17 सितंबर एवं दीपावली से अगले दिन गोरधन के दिन पूजन दिवस मनाया जाता है! जिसको विश्वकर्मा समाज के साथ-साथ कल कारखानों से लेकर हर टेक्निकल व मशीनरी से जुडा व्यक्ति करता है।

हवन पूजन के उपरांत भंडारे व विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमे हजारों की संख्या में नगर एवं क्षेत्र के हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया! राजेन्द्र स्वामी, स्वामी रामनरेश, देविंदर शर्मा,विकास धीमान, कमलकांत धीमान, पिरथी सिंह विश्वकर्मा, हरवीर आर्य, सुभाष धीमान, प्रदीप विश्वकर्मा शामली, संजय शर्मा पूर्व चौयरमैन, ऋषिपाल विकसित, संजय सैनी, भोपाल पांच.ाल, अजय धीमान, धर्मपाल धीमान, डा मनोज पांचाल, राजबीर पांचाल, सत स्वरूप विश्वकर्मा,बिर्जेश धीमान,सुशील पांचाल, दीपक पांच.ाल, विमल जांगिड़, प्रमोद जांगिड़, देवदत्त जांगिड़, मयंक धीमान, सहदेव जांगिड़, राजू पांचाल, अमित जांगिड़, विजय दत्त आर्य जगमग विश्वकर्मा, संजय धीमान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शामली पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत दुर्घटना संभावित स्थलों पर सघन चेकिंग के साथ-साथ प्रवर्तनात्मक कार्रवाई और जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारु और अनुशासित बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यह अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराना और आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। ट्रेफिक निरीक्षक लाल विराट ने बताया कि वर्तमान में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों, सुबह और रात के समय घने कोहरे व धुंध को देखते हुए सड़क सुरक्षा को और अधिक गंभीरता से लिया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के सभी चिन्हित दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, मुख्य मार्गों और चौराहों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यहां निरंतर निगरानी, सघन चेकिंग और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात पुलिस एवं संबंधित टीमों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाने और बिना आवश्यक दस्तावेजों के वाहन संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, कोहरे में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई।

# नियमों के पालन को यातायात जागरूकता अभियान चलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र में यातायात जागरूकता और नियमों के पालन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में और थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में, थाने की सीसी टीम ने शुक्रवार को सेंट आरसी पब्लिक स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें सुरक्षित सड़क संस्कृति का हिस्सा बनाना था।

स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सीसी टीम झिंझाना के प्रभारी एसआई सतीश सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने न सिर्फ यातायात के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी, बल्कि हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग न करने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल से बचने जैसे सुरक्षा उपायों के बारे में भी विस्तार से समझाया। इस अवसर पर कांस्टेबल अंकुर तोमर और कांस्टेबल गौरव तोमर ने भी छात्रों के साथ संवाद किया और उनके सवालों के जवाब दिए।

थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि यह कार्यक्रम निरंतर चलने वाले एक व्यापक अभियान का हिस्सा है। जागरूकता ही पर्याप्त नहीं है, नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी जारी रहेगी।

पूरे जनपद में, थाना झिंझाना की सीसी टीम यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान कार्रवाई में सबसे अग्रणी है इसका उद्देश्य लोगों को डराना नहीं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार बनाकर सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस का लक्ष्य युवा पीढ़ी को शुरू से ही कानून के प्रति जागरूक बनाना है, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक और सतर्क वाहन चालक बन सकें।

# बार काउंसिल चुनाव: 640 अधिवक्ताओं ने किया मताधिकारों का प्रयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**कैराना।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य पद के निर्वाचन के लिए कैराना बार भवन में दो दिनों तक मतदान आयोजित किया गया। इस मतदान में शामली जिले के कुल 640 अधिवक्ताओं ने अपने मता.धिकार का इस्तेमाल किया।

प्रदेश भर में बार काउंसिल के सदस्य पद के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी है। इसी प्रक्रिया के तहत शामली जिले के अधिवक्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। जिले में कुल 763 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 640 ने मतदान किया। मतदान शुक्रवार और शनिवार को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। पहले दिन शुक्रवार को 242 अधिवक्ताओं ने और दूसरे दिन शनिवार को 398 अधिवक्ताओं ने अपने मत डाले। मतदान के दौरान अधिवक्ता अपने-अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के समर्थन में बार भवन में पहुंचे और अपने मत का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाने के लिए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार राय और सिविल जज सीनियर डिवीजन आशीष कांबोज को पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। अधिवक्ताओं ने चुनाव के दौरान अपने मतों के लिए वरीयता क्रम के आधार पर मतदान किया। इस दो दिवसीय प्रक्रिया में कई अधिवक्ता अपने प्रत्याशियों के समर्थन में सक्रिय रूप से दिखाई दिए। इस प्रकार शामली जिले में बार काउंसिल चुनावी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई, और अधिकतर पंजीकृत अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस का द्वितीय एकदिवसीय शिविर संपन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगे के साथ किया गया। प्रथम सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ। प्रदीप कुमार ने छात्राओं को योगाभ्यास कराया, जिसके पश्चात छात्राओं ने शिविर स्थल के आसपास पेड़-पौधों की सिंचाई कर स्वच्छता अभियान चलाया।दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित विषय कौशल विकास हेतु युवा को केंद्र में रखते हुए राजकीय पॉलिटेक्निक जसाला द्वारा तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रवक्ता कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए पॉलिटेक्निक जैसी संस्थाओं का संचालन कर रही हैं, जहां अध्ययन कर युवा अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिक.ारी डॉ। श्याम बाबू द्वारा किया गया। इस दौरान सैकड़ो छात्राए, विद्यालय का स्टाफ सहित आदि मौजूद रहे।

# 102 एंबुलेंस कर्मियों का सम्मान, उत्कृष्ट सेवा पर मिला प्रशस्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** नगर के स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सीएमओ डॉ। अनिल, एसीएमओ डॉ। अतुल बंसल, एसीएमओ डॉ। अश्विनी एवं प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने एंबुलेंस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ। अनिल ने कहा कि 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं सराहनीय कार्य कर रही हैं और यह कर्मियों की सच्ची देशभक्ति का परिचायक है, जो पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ दिन-रात मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को घर से अस्पताल तक समय पर पहुंचाकर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस सेवाओं का उद्देश्य मरीजों को त्वरित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधा प्रदान करना होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। सीएमओ ने सभी एंबुलेंस कर्मियों को निर्देश दिए कि संभावित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए एंबुलेंस को हॉटस्पॉट क्षेत्रों में तैनात रखें, जिससे जरूरतमंद मरीज तक कम से कम समय में पहुंचा जा सके। कार्यक्रम में जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी, मंडल प्रभारी जयविंदर सिंह सहित पायलट नितिन कुमार, शौकिन्द्र, पंकज, मोहनलाल, अनुज कुमार, विकास कुमार, कमल, प्रवेश तथा ईएमटी दिलशाद, फारूख, अभिषेक, सत्यवीर, गजेंद्र, दिलशाद, साहिब आलम आदि उपस्थित रहे।

# हिंदू स्वाभिमान परिषद् कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू स्वाभिमान परिषद् के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

हिंदू स्वाभिमान परिषद के जिलाध्यक्ष ठा. वीरेंद्र पुंडीर के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए और बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाकर अत्याचार, दुष्कर्म और उनका कत्लेआम किया जा रहा है। इसलिए भारत सरकार को चाहिए कि वह कूटनीति के तहत बांग्लादेश को जवाब दे और उसके साथ सभी तरह के व्यापारिक संबंध समाप्त कर हिंदू हितों की रक्षा करें। ज्ञापन में कहा गया कि बंग्लादेश को मुस्लिम राष्ट्र बनाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है इसलिए ऐसे षडयंत्रकारियों को दंड दिया जाना चाहिए, जिससे बंग्लादेश की जिहादी मानसिकता वाली सरकार को सबक सिखाया जा सके। इस मौके पर सुधीर राणा, तरुण शर्मा, प्रदीप राणा, अभय प्रताप राणा, उमंग त्यागी, गोविंद राणा और प्रशांत पुंडीर आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।




# असम के मुख्यमंत्री के बयान पर जताई चिंता

**देवबन्द।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर मौलाना मदनी ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इस प्रकार के वक्तव्य न केवल खुले तौर पर हिंसा और नफरत को बढ़ावा देते हैं बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक और सांविधानिक ढांचे पर सीधा हमला है।

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा कि विशेष समुदाय को भयभीत करना, उसके मताधिकार को छीनने व धमकी देना और उसके खिलाफ आर्थिक शोषण को प्रोत्साहित करना खुले फासीवाद और सामूहिक दंड की मानसिकता को दर्शाता है। ऐसी सोच किसी भी सभ्य, लोकतांत्रिक और सांविधानिक व्यवस्था में अस्वीकार्य है। उन्होने कहा कि इन बयानों को मात्र राजनीतिक बयानबाजी या चुनावी रणनीति मानकर नजरअंदाज करना लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों से समझौता करने के समान होगा। यदि किसी राज्य का मुख्यमंत्री स्वयं यह स्वीकार करे कि वह प्रशासनिक और सरकारी तंत्र को किसी समुदाय के विरुद्ध हथियार के रुप में इस्तेमाल कर रहा है, लोगों को झूठी शिकायतें दर्ज कराने, निराधार आपत्तियां उठाने और सुनियोजित रुप से उत्पीड़न के लिए उकसा रहा है तो यह राज्य शक्ति का घोर दुरुपयोग है। कहा कि इस प्रकार के बयान एक समुदाय के विरुद्ध खुले तौर पर हिंसा को वैध ठहराने का प्रयास हैं, जिससे लोकतांत्रिक ढांचे की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। सांविधानिक संस्थाओं, विशेष रुप से निर्वाचन आयोग, न्यायपालिका और नागरिक समाज मूक दर्शक बने रहने के बजाए अपने सांविधानिक दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने मांग की है कि इस तरह के भड़काऊ और विभाजनकारी बयानों पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए।

# संत शिरोमणि रविदास जी का जीवन मनुष्य को जीने की कला सिखाता है: सैनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान संत रविदास जी की शिक्षा और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रांगण में शिक्षकों ने गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालने के साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। प्रधानाचार्य रुपेश सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास अपने जीवन को बदलकर एक महान संत बने। उन्होंने अमृतवाणी जैसे महाग्रंथ की रचना की, जो मनुष्य को जीवन जीने का कला सिखाता है।

इस दौरान शिवकुमार सैनी, अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, संदीप धीमान व सुनिता चौधरी आदि छात्र-छात्राएं सहित स्कूल का स्टाफ शामिल रहा।



# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के बीच तालमेल बनाने के उद्देश्य से खंड संसाधन केंद्र गुनारसा में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास की जानकारी देने के साथ ही बालक बालिकाओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

हुए कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षक मोनिका ने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित होने वाला एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों के बीच तालमेल बनाकर तीन से छह वर्ष के बच्चों की नींव को मजबूत बनाना है, ताकि खेल-खेल में बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके।

एआरपी की टीम ने बाल वाटिका, माता उन्मुखीकरण व पीटीएम समेत अन्य जानकारी साझा की। खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। हमें अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए। इस मौके पर महादेव सिंह, अरुण योगी, संजय उपाध्याय, योगेंद्र मलिक, कमर आलम समेत आंगनबाड़ी व नोडल शिक्षकगण शामिल रहे।



# मेला चेयरमैन ने किया मेला मैदान का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले के नवनियुक्त चेयरमैन विपिन त्यागी व कमेटी सदस्यों ने मेला मैदान का निरीक्षण कर पालिकाकर्मियों को मेले से पूर्व साफ सफाई और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

मेला चेयरमैन कई पालिका अधिकारियों को साथ लेकर मेला मैदान पहुंचे। उन्होंने मेला गेट, मेला परिसर की रंग बिरंगी आधुनिक लाइटों से सजावट, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और दुकानदारों व झूलों के लिए व्यवस्थित ले-आउट तैयार करने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। मेला चेयरमैन ने कहा कि मेले को भव्य रूप दिया जाएगा और इसके सुंदरीकरण में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। मेला चेयरमैन ने बताया कि नगरपालिका की पूरी टीम को समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है। निरीक्षण के दौरान कमेटी सदस्य कुलदीप सैनी, मोहम्मद रिजवान, इकबाल अंसारी, आसिफ लियाकत, जेई कामेंद्र सिंह, मोहम्मद अकबर, नीरज गोस्वामी व सफाई निरीक्षक पोपिन कुमार आदि कमेटी सदस्य व कर्मचारी शामिल रहे।



# देवभूमि संस्थान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का भव्य समापन

## छात्रों ने नुक्कड़ नाटक व प्रतियोगिताओं से दिया जागरूकता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** देवभूमि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सहारनपुर परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का भव्य समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहारनपुर के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार सिंह, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संदीप जयसवाल एवं एमपी सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक में बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

यातायात अधिकारियों द्वारा सड़क संकेतों, यातायात नियमों एवं सुरक्षित वाहन संचालन से संबंधित जानकारी पोस्टर एवं बैनरों के माध्यम से विस्तार से दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ। दीपक राज ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाने वाले प्रत्एक छात्र के लिए हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन कर स्वयं व समाज को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। स्लोगन प्रतियोगिता में हिमांशी धीमान ने प्रथम, सावन कुमार ने द्वितीय तथा मो0 अहसान ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं कविता प्रतियोगिता में कीर्ति सैनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता छात्र-छात्राओं को संस्थान के चेयरमैन सर्व संजय जी बसंत की ओर से नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संस्थान के डीन एकेडमिक लहरी सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को सुरक्षित वाहन संचालन, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी तथा सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक सहायता एवं मानव सेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर संस्थान की ओर से उपस्थित यातायात अधिकारियों को पुष्प गुच्छ एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में इस प्रकार के जागरूकता शिविरों के आयोजन का प्रस्ताव भी रखा गया।



# भाजपा की नीतियों और व्यापारी हितों के पक्षधर हैं अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार वर्मा क्षेत्र में एक जिम्मेदार जागरूक और सुलझे हुए व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं।

अरूण वर्मा व्यापारिक वर्ग, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर संतुलित व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण रखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी क्षेत्र की आर्थिक मजबूती का आधार वहां का सशक्त और सुरक्षित व्यापारिक ढांचा होता है। अरुण कुमार वर्मा का कहना है कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीते वर्षों में व्यापार और उद्यम को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस और प्रभावी कदम उठाए हैं। डिजिटल भुगतान प्रणाली को प्रोत्साहन देकर पारदर्शिता बढ़ाना कानून व्यवस्था को मजबूत करना और व्यापार के अनुकूल वातावरण तैयार करना ऐसे प्रयास हैं, जिनका सीधा लाभ छोटे और मध्यम व्यापारियों को मिला है। इससे न केवल व्यापार में सुगमता आई है बल्कि विश्वास का माहौल भी मजबूत हुआ है। साथ ही वे यह भी स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं कि जमीनी स्तर पर व्यापारियों को अभी भी कई व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय बाजारों की अव्यवस्था, सुरक्षा से जुड़े मुद्दे, अतिक्रमण और छोटे व्यापारियों पर बढ़ता आर्थिक दबाव ऐसे विषय हैं जिन पर निरंतर और गंभीरता से काम किए जाने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान केवल संवाद, सहयोग और नीति-स्तर पर संवेदनशील निर्णयों से ही संभव है। सामाजिक दृष्टि से अरुण कुमार वर्मा की सोच हमेशा समावेशी और सकारात्मक रही है। वे मानते हैं कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विश्वास, सुरक्षा और विकास की भावना पहुंचाना होना चाहिए। सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारा और जिम्मेदार नागरिकता को वे किसी भी मजबूत समाज की सबसे बड़ी पूंजी मानते हैं। क्षेत्र के लोग उन्हें सरल स्वभाव, स्पष्ट विचारों और व्यवहारिक सोच वाले नेता के रूप में देखते हैं।



## डयूटी के दौरान नशे में धुत होमगार्ड ने काटा हंगामा

**बुढ़ाना।** कोतवाली में तैनात एक होमगार्ड ने चौधरी चरण सिंह तिराहे पर डयूटी के दौरान शराब पीकर जमकर हंगामा काटा। तभी किसी ने जमीन पर नाले के समीप पड़े होमगार्ड की वीडियो बनाकर वायरल कर दी तो उच्च अधिकारियों को घटना का पता लगा। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक होमगार्ड नशे में धुत होकर सड़क पर गिरता पड़ता दिख रहा है। यह वीडियो बुढ़ाना कस्बे के चौधरी चरण सिंह तिराहे के पास स्थित शराब के ठेके के पास का है। जिसमें एक होमगार्ड नाले के पास जमीन पर लेटकर काफी देर तक आते जाते सैंकडो लोगों और दुकानदारों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया होमगार्ड वर्दी में शराब पीकर खड़े रहने में असमर्थ दिखा। लोगों ने इस घटना का कुछ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि वीडियो में दिख रहा होमगार्ड बुढ़ाना कोतवाली में तैनात हैं जो चरण सिंह तिराहे पर डड्यूटी को सही तरीके से अंजाम दे रहा था कि न जाने एकाएक उसे क्या सूझी उसने डड्यूटी के दौरान शराब पी ली और कुछ देर बाद जमीन पर लड़खड़ाकर गिर गया। इस बारे में अधिकारियों ने बताया जांच रिपोर्ट के आधार पर होमगार्ड के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी।

## सोलर फेंसिंग की प्रक्रिया शुरू

**अफजलगढ़।** जंगली जानवरों की रोकथाम हेतु सोलर फेंसिंग लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लंबे समय बाद किसानों को राहत मिलेगी। कालागढ़ कार्बेट टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र से सटी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा पर वन्यजीवों के खेतों में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए कालागढ़ वन विभाग ने सोलर फेंसिंग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे थाना क्षेत्र के इस्लामनगर पंचायत व आसपास के ग्राम में लगभग चार किलोमीटर लंबी सोलर फेंसिंग लगाई जाएगी, जिससे किसानों को जंगली जानवरों से राहत मिल सकेगी। वन विभाग द्वारा पुराना कालागढ़ लकड़घाट से कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र के परेड ग्राउंड होते हुए सूखासोत मार्ग से प्राथमिक विद्यालय के समीप बनी सुरक्षा दीवार तक सोलर फेंसिंग के लिए पिलर लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कार्बेट टाइगर रिजर्व के वन्यजीवों को सीमा पार कर ग्रामों के खेतों में आने से रोकना है, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रह सकें और मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी लाई जा सके। इस संबंध में रेंजर नंद किशोर रूवाली ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वन विभाग वन्यजीवों को जंगल क्षेत्र तक सीमित रखने का प्रयास कर रहा है। सोलर फेंसिंग लगने से फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों को भी बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन, ग्रामीण संघर्ष समिति व शिवसेना लगातार सोलर फेंसिंग लगाने की मांग करते आ रहे थे।

## अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर स्थित पोषक नहर के रेलवे पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा शव देखे जाने की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार मृतक युवक के ट्रेन से गिरने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## क्षेत्रीय प्रबंधक को सेवानिवृत पर दी विदाई

**धामपुर।** बस स्टेशन सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पी.एल. पथरिया का सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ शाखा धामपुर डिपो के तत्वाधान मे नहटौर बस स्टेशन पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक श्री पी एल पथरिया का सेवानिवृत समारोह का आयोजन किया गया। सरल स्वभाव के धनी पी.एल. पथरिया धामपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सेवानिवृत होने पर सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मंच पर उपस्थित वरिष्ठ केंद्र प्रभारी महावीर सिंह, मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पी.एल. पथरिया, भूतपूर्व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ललित किशोर त्रिवेदी, भूतपूर्व रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कर्मवीर सिंह रहे।

## शिव मंदिर से निकाली कलश यात्रा

**धामपुर।** नगीना रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में शिव मंदिर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसका नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगीना चौराहे होते हुए एवं मार्केट होते हुए मंदिर पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में पीत वस्त्र पहने हुए महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा में सबसे आगे बैंड बाजा धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे और अंत में सुसज्जित गाड़ी में प्रसाद वितरित करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। कलश यात्रा में रीना रानी, शशि कौशिक, सुषमा राजावत, सुनीता, पूनम देवी, सरोज देवी, अर्चना रानी, मोनिका, सुनीता, रेखा देवी, अंजली देवी, कविता देवी, पिंकी देवी, धीरेन्द्र चौहान, प्रदीप कुमार कौशिक, टीकाराम जैन, सुरेंद्र सिंह, राजू राजावत, अखिलेश कुमार, पंकज कुमार, धर्मवीर सिंह, शीशराम सैनी आदि शामिल रहे।

# नैनो उर्वरक के उपयोग व महत्व पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रगतिशील किसानों के लिए एक दिवसीय नैनो उर्वरक उपयोग एवं महत्व आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि घनश्याम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि एससीडीआई नगीना राजेश सिंह रहे।

क्षेत्र अधिकारी इफको शिवम तिवारी द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया एवं उपस्थित कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। इफको के क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषि लागत में कमी आएगी साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से जल, मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया। इसके अलावा फसलों में नैनो डीएपी से बीज, जड़, कंद, सेट शोधित कर बुवाई, रोपाई करने की सलाह दी। दानेदार डीएपी की मात्रा आधी प्रयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर की बोतल से 100 किलोग्राम बीज को शोधित कर सकते हैं। जिसकी कीमत मात्र 600 रुपए है और दानेदार डीएपी से काफी सस्ता है। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी के प्रयोग से लागत में कमी आएगी साथ ही उत्पादन एवं उत्पाद की गुणवत्ता भी बढ़ती है। उन्होंने सलाह दी कि नैनो यूरिया फसल की पत्तियों पर घोल बनाकर स्प्रे करें। उन्होंने कई उत्पादों के साथ-साथ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मृदा स्वास्थ्य संवर्धन एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं जैविक उर्वरकों पर गहन जानकरी दी। क्रार्यक्रम में घनश्याम वर्मा ने विभाग के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को नैनो उर्वरकों, न्यू एज फर्टिलाइजर एवं अन्य इफको के उत्पादों की आवश्यकता, प्रयोग विधि एवं उनसे फसलों में होने वाले लाभ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही रासायनिक उर्वरकों से होने वाले मृदा स्वास्थ्य, जल प्रदूषण, पर्यावरण प्रदूषण एवं मानव-जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला।

विकास खण्ड से आए समस्त सहायक विकास अधिकारी कृषि, तकनीकी सहायक कृषि, एटीएम/बीटीएम एवं क्षेत्र अधिकारी इफको को नैनो उर्वरकों को वृहद स्तर पर प्रचार एवं प्रसार हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक के.के. सिंह ने बताया कि किसान लगातार रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल बढ़ाते जा रहे हैं, जिससे मृदा की उत्पादकता लगातार घटती जा रही है और कई प्रकार के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। अब आवश्यक हो गया है कि रासायनिक उर्वरकों के अनियन्त्रित उपयोग में रोक लगाई जाये। इस क्रम में सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती व जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उक्त योजनाओं में नैनो उर्वरकों का समावेश किया जा सकता है।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की मत्स्य विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक शिवांगी ने गन्ने की उन्नत कृषि को लेकर मृदा स्वास्थ व मृदा पीएच एवं मृदा कार्बन को लेकर जानकारी दी। किसानों को मृदा परीक्षण के लिए मृदा नमूने लेने की विधि बताई तथा पोषक तत्व प्रबंध की जानकारी दी। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक नगीना राजेश सिंह ने गन्ने की नई प्रजातियों व अधिकतम उत्पादन लेने के लिए बुवाई की ट्रेंच विधि व नवीनतम तकनीक के प्रयोग करने की सलाह दी तथा सहफसली फसलों के प्रयोग के बारे में तथा फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। गन्ने की पेड़ी प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा गन्ना समिति की ओर से कृषि यंत्रों के किसानों के किराए पर उपलब्ध होने की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में अप कृषि निदेशक द्वारा इफको की ओर से नि:शुल्क सब्जियों के बीज की किट उपलब्ध कराई गई।

## बारहसिंघा को कुत्तों ने किया घायल

**नांगल सोती।** आबादी में घुसे बारहसिंघा पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची वानिकी विभाग की टीम ने बारहसिंघा का उपचार कराया। आज सुबह एक बारहसिंघा जंगल से भटक कर गांव हरचंदपुर आबादी में आ गया, जिसे देख कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। बमुश्किल ग्रामीणों ने बारहसिंघा को कुत्तों से छुड़ाया। हमले में वह जख्मी हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर सामाजिक वानिकी विभाग के दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम बारहसिंघा को जालपुर स्थित वन विभाग की नर्सरी में ले गई और चिकित्सकों से उसका उपचार कराया। दरोगा विकास कुमार ने बताया कि बारहसिंगा के सही होने पर उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

## हसन मुराद ने किया नाम रोशन

**हीमपुर दीपा।** जनपद बिजनौर के एक छोटे से ग्राम से ताल्लुक रखने वाले हसन मुराद ने न केवल विदेश से एमबीबीएस परीक्षा को प्रथम बार में बल्कि एफएमजीई (विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा) को भी पहली ही बार में पास कर लिया। ग्राम सिरधनी निवासी मौहम्मद रजा के बेटे हसन मुराद ने एमबीबीएस और एमएफजीई की परीक्षा को प्रथम बार में ही पास कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि जनपद भर का नाम रोशन कर दिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम TASNEEM RAJA से बदलकर TASNEEM RAZA कर लिया है। अब भविष्य में मुझे TASNEEM RAZA के नाम से सभी उददेश्य के लिये जाना जाये।

तसनीम रज़ा पुत्र श्री ओन मुहम्मद, निवासी: 806/4 स्कूल वाली गली, खानआलमपुरा सहारनपुर उत्तर प्रदेश-247001.

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मो0 अनस गलत संगत में पढ़कर मेरे कहने सुनने में नहीं रहा मैंने मो0 अनस से अपने संबंध विच्छेद कर लिए उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया भविष्य में उसके किसी भी कृत्य के लिए मैं वह मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

उस्मान अली पुत्र उमरदीन
निवासी ग्राम झबीरण
देवबंद (सहारनपुर)

**सूचना**

मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट में मेरी माता जी का नाम भूलवश VIJAY LAXMI अंकित हो गया है। जबकि उनका सही नाम VIJAY LAXMI TOMAR है, जो उनके अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है।

VAIBHAV TOMER
S/O DEEPAK TOMAR
R/O TEACHER COLONY,
DEOBAND.

**सूचना**

मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट में मेरे पिता जी का नाम भूलवश DEEPAK TOMER अंकित हो गया है जबकि उनका सही नाम DEEPAK TOMAR है, जो उनके अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है।

VAIBHAV TOMER
S/O DEEPAK TOMAR
R/O TEACHER COLONY,
DEOBAND.

# रायबाकिना ने जीता खिताब



## एलेना रायबाकिना ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी सबालेंका को हराया

रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता

**मेलबर्न, वार्ता।** एलेना रायबाकिना ने विश्व की नंबर एक खिलाधी आर्यना सबालेंका को शनिवार को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का महिला एकल खिताब जीत लिया, जिससे उन्होंने 2023 में यहां चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया। चार साल पहले उन्होंने पहला सेट जीता था लेकिन फाइनल तीन सेट में हार गई थीं। इस बार, पहले गेम में ब्रेक लेने और पहला सेट जीतने के बाद, उन्होंने दूसरा सेट हारने और तीसरे सेट में 3-0 से पिछड़ने के बाद वापसी की। उन्होंने लगातार पांच गेम जीते और फिर अपने पहले चैंपियनशिप पॉइंट पर एक ऐस के साथ मैच खत्म किया। यह पांचवीं सीड रायबाकिना का दूसरा बड़ा खिताब था, जिन्होंने 2022 में विबलडन जीता था और चार साल पहले उस ऑस्ट्रेलियन फाइनल में मुकाबले में एकमात्र मेजर विजेता के तौर पर पहुंची थीं। जबकि सबालेंका ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार जीत और 2024 और 25 में यूएस ओपन में जीत सहित तीन और मेजर खिताब जीते, रायबाकिना के नतीजे खराब हो गए और वह इस टूर्नामेंट तक किसी और मेजर फाइनल में नहीं पहुंचीं। पिछले नवम्बर में सीजन के आखिर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सबालेंका पर जीत ने उनके करियर की दिशा बदल दी है। रायबाकिना ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और उनकी सर्विस मजबूत थी, जिसमें छह ऐस थे और दूसरे सेट के आखिर और तीसरे सेट की शुरुआत में दो ब्रेक को छोड़कर - उन्होंने अपने सामने आए छह ब्रेकपॉइंट मौकों में से छह को बचाया। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, सबालेंका की चीखें और दहाड़ें तेज होती गईं और उनका जोश भरा ष्चलो चलते हैं खुद को प्रोत्साहित करना नियमित हो गया, रायबाकिना ने एक शांत, लगभग गंभीर, संयम बनाए रखा। आखिर में, उन्होंने अपनी सर्विस और अपने रिटर्न को बात करने दिया। मैच के बाद दोनों ने नेट पर एक-दूसरे को गले लगाया। रायबाकिना ने अपने बाएं हाथ से अपने रैकेट की स्ट्रिंग्स पर ताली बजाई और जीत के साथ भीड़ की ओर अपना हाथ ऊपर उठाया।



# पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन की खिताब की तलाश में कार्लोस अल्काराज

**जोकोविच की नजर 25वें मेजर खिताब पर**

- **16 साल के अंतर वाले कार्लोस और जोकोविच अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों पर**

**मेलबर्न, वार्ता।** सेमीफाइनल में मैराथन मुकाबलों से बच निकलने के बाद, कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच अब रविवार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में इतिहास का अपना हिस्सा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। 16 साल के अंतर वाले अल्काराज और जोकोविच अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों पर हैं, और बहुत अलग-अलग मील के पत्थर हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 22 साल के अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। उनके रास्ते में 38 साल के जोकोविच हैं, जो इतिहास के सबसे सफल पुरुष ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। सर्बियाई खिलाड़ी के पास सीजन के पहले मेजर में उतने ही ऑस्ट्रेलियन ओपन ट्रॉफी हैं जितनी हार (10) और अब वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज चैंपियन बनने की कोशिश कर रहे हैं। अल्काराज के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में जोकोविच ने कहा कि जब भी हम खेलते हैं, हम दोनों के लिए इतिहास दांव पर होता है। ग्रैंड स्लैम का फाइनल, इसमें बहुत कुछ दांव पर लगा होता है, लेकिन यह मेरे खेले गए किसी भी दूसरे बड़े मैच से अलग नहीं है। बहुप्रतीक्षित फाइनल यह सवाल भी खड़ा करता है: कौन सा खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत लगाकर एक और प्रयास कर सकता है? अल्काराज ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमी-फाइनल जीता, जिसमें उन्होंने पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच घंटे, 27 मिनट के रोमांचक मैच में हराया। स्पेनिश खिलाड़ी ने बाद में कहा कि हमने अपने शरीर को उसकी सीमा तक धकेल दिया। इस बीच, जोकोविच ने दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन जानिक सिनर को चार घंटे और नौ मिनट के बाद हराया, एक ऐसा क्लासिक मैच जिसे सर्बियाई खिलाड़ी ने ष्पिछले एक दशक में मेरे सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक बताया। जोकोविच ने अल्काराज के बारे में कहा कि जैविक रूप से, मुझे लगता है कि उसके लिए रिकवर करना थोड़ा आसान होगा। मेरी तैयारी वैसी ही है जैसी होनी चाहिए, और पिछले साल मैंने यहीं एक कड़े मैच में उसे हराया था। देखते हैं कि हम दोनों कितने फेश रह पाते हैं। कार्लोस ने पिछले साल के यूएस ओपन में अपने सबसे हालिया मुकाबले में जोकोविच को हराया था, फिर भी मैच के बाद सर्बियाई खिलाड़ी की फिटनेस की खूब तारीफ की, और कहा कि वह शारीरिक रूप से 25 साल का लगता है, इसलिए 38 साल की उम्र में उस लेवल को बनाए रखना प्रभावशाली है। अल्काराज और जोकोविच के बीच उनकी पीढ़ीगत प्रतिद्वंद्विता में अंतर बहुत कम रहा है। सिर्फ 12 महीने पहले, नोवाक ने रॉड लेवर एरिना में अल्काराज को हराया था, जहां वे रविवार को स्थानीय समय के अनुसार शाम को मुकाबला करेंगे। एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच अल्काराज से 5-4 से आगे हैं, लेकिन उन्होंने मेजर में अपने पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं। पिछले सितम्बर में न्यूयॉर्क में अल्काराज से हारने के बाद, नोवाक ने कार्लोस अल्काराज - सिनर का सामना करने के बारे में खुलकर बात की, जिन्होंने मिलकर पिछले आठ मेजर जीते हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### शाहबाज की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा को रौंदा

**रोहतक, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज अहमद (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में शनिवार को 188 रन से रौंद दिया। बंगाल ने हरियाणा के सामने 294 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में हरियाणा की टीम 105 रन पर सिमट गई। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले शाहबाज ने दूसरी पारी में भी अपनी लय जारी रखते हुए 38 रन देकर छह विकेट झटके। शाहबाज को मैच में कुल 11 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

### आयरलैंड ने यूएई को 30 रन से हराया सीरीज जीती




**दुबई, वार्ता।** कर्टिस कैमफर (नाबाद 54) के शानदार अर्द्धशतक और गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी से आयरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को दूसरे टी 20 मुकाबले में शनिवार को 30 रन से हरा कर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। आयरलैंड ने सात विकेट पर 170 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाने के बाद यूएई को आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। कर्टिस कैमफर को 41 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनी नाबाद 54 रन की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मार्क ऐडेर ने आयरलैंड की पारी में तीन छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन का योगदान दिया। कर्टिस कैमफर और मार्क ऐडेर ने आठवें विकेट के लिए 69 रन की मैच विजई अविजित साझेदारी की।

# आईसीसी टी-20 विश्वकप ट्रॉफी का कुलदीप के स्कूल में गर्मजोशी से इस्तकबाल

- **स्कूली बच्चों ने भारतीय टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की कामना की**

**कानपुर, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव के स्कूल करम देवी मेमोरियल अकादमी (केडीएमए) पहुंची जहां स्कूली बच्चों ने ट्राफी का गर्मजोशी से स्वागत किया और भारतीय टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की कामना की। कड़ाके की ठंड की परवाह किए बगैर आज सुबह से ही स्कूली बच्चे ट्राफी के इंतजार में कतारब( खड़े थे। ट्राफी के मंच तक पहुंचते ही 'कुलदीप कुलदीप' और भारतीय टीम की जीत की कामना करते हुए नारे लगने लगे। इस अवसर पर केडीएमए के चेयरमैन डा संजय कपूर ने कुलदीप के पिता राम सिंह यादव और कोच कपिल पांडे व स्कूल के कोच मनीष मेहरोत्रा का सम्मान किया। गौरतलब है कि आईसीसी टी-20 विश्वकप ट्राफी इन दिनो भारत भ्रमण पर है। बीसीसीआई ने ट्राफी को टी-20 विश्वकप में चुनी गई टीम के हर सदस्य के स्कूल में ले जाने का फैसला किया है। कुलदीप के सहपाठी और स्कूल में सहायक कोच आदित्य पाठक ने विश्वास जताया कि भारतीय टीम विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करेगी और विश्वकप पर कब्जा करेगी।

# एशिया कप में हार के बाद पाकिस्तान से बाजी पलटना चाहेगा भारत

- **भारत बिना हारे अंडर-19 आज एशिया कप जीतने वाली टीम से भिड़ेगा, जिसमें ड्रामा व रोमांच और युवा जोश होगा**




**जिम्बाब्वे, वार्ता।** क्रिकेट के शौकीनों के लिए एक ट्रीट है क्योंकि क्वींस स्पोर्ट्स क्लब अंडर 19 वर्ल्ड कप 2026 में एक रोमांचक सुपर-सिक्स मुकाबले की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। बिना हारे भारत अंडर19 रविवार को एशिया कप जीतने वाली पाकिस्तान की अंडर19 टीम से भिड़ेगा, जिसमें ड्रामा, रोमांच और ऐसा युवा जोश होगा जो सिर्फ अंडर19 क्रिकेट ही दे सकता है। जब भारत और पाकिस्तान मिलते हैं, तो बादल भी देखने के लिए रुक जाते हैं। हर गेंद, हर बाउंड्री, हर विकेट इतिहास और गर्व का वजन लिए होता है। भारत अंडर19 अब तक बहुत बढ़िया रहा है। भरोसेमंद विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू पारी की शांत धड़कन रहे हैं, और उन्होंने संयम और सटीकता के साथ टीम को संभाला है। शानदार स्ट्रोक-मेकर वैभव सूर्यवंशी ने अग्रेसिव और सोचे-समझे शॉट्स से टॉप ऑर्डर को हिला दिया है, जबकि हेनिल पटेल समय पर ब्रेकथ्रू और स्मार्ट वैरिएशन से विरोधी बल्लेबाजों के लिए बुरा सपना बन गए हैं। कैप्टन आयुष म्हात्रे ने अपनी टीम को स्ट्रैटेजी और हिम्मत के साथ तैयार किया है, जिससे यह पक्का होता है कि इंडिया की लगातार जीत का सिलसिला बना रहे और हर मैच के साथ युवा खिलाड़ियों का कॉन्फिडेंस बढ़ता रहे। एशिया कप जीतने के बाद जोश से भरी पाकिस्तान अंडर19 टीम, जोश और आंखों में आग लेकर आती है। फॉर्म में चल रहे ओपनर समीर मिन्हास में अकेले दम पर मैच जिताने की ताकत और टेम्परामेंट है, जबकि अली रजा की शानदार स्विग और सीम बॉलिग किसी भी बैटिग लाइनअप को हिला सकती है। पाकिस्तान के कैप्टन फरहान यूसुफ शांत अग्रेसन के साथ लीड करते हैं, जिसमें टैक्टिकल स्किल के साथ दबदबा बनाने की भूख भी शामिल है। एशिया कप जीत ने कॉन्फिडेंस में एक और लेयर जोड़ी है, लेकिन वर्ल्ड कप में इंडिया का सामना करना एक अलग जंग का मैदान है, जिसमें फोकस, लचीलापन और टैलेंट की जरूरत होती है। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, जिसका बैलेंस्ड विकेट चेज करने वाली टीमों के लिए फायदेमंद है, एक मजेदार मुकाबले के लिए माहौल तैयार करता है। धूप वाला आसमान और हल्की हवाएं क्रिकेट के लिए लगभग परफेक्ट हालात का वादा करती हैं, लेकिन टॉस निर्णायक हो सकता है, जिससे मैच का नतीजा तय हो सकता है। एनालिस्ट इंडिया अंडर19 के जीतने की 74 प्रतिशत संभावना बता रहे हैं, लेकिन क्रिकेट एक ऐसा खेल है जहां एक ओवर, एक इनिग, एक स्ट्रोक जदिगी भर की कहानी बदल सकता है! दांव बहुत बड़े हैं। इंडिया एशिया कप में मिली हार का बदला लेना चाहता है, जबकि पाकिस्तान ग्लोबल स्टेज पर अपने चैंपियन होने का सबूत देना चाहता है।

# कमिंस टी-20 विश्व कप से बाहर


- **पैट कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं, जो विश्व कप में खेल सके**



**सिडनी, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा है, जब स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिस पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और वह 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले इस ग्लोबल इवेंट में नहीं खेल पाएंगे। टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी मूल 15 सदस्ईय टीम से बाहर कर दिया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस और बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को संशोधित टीम में शामिल किया गया है। नेशनल सिलेक्टर टोनी डोडमाइड ने कहा कि ए बदलाव खिलाड़ियों की फिटनेस और टूर्नामेंट के दौरान संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। डोडमाइड ने कहा कि पैट को अपनी पीठ की चोट से उबरने के लिए और समय चाहिए, इसलिए बेन एक तैयार विकल्प हैं जो बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी का विकल्प, मजबूत फील्डिग और निचले क्रम में बल्लेबाजी की क्षमता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ड्वारशुइस की अच्छी गति से गेंद को स्विंग कराने और वेरिएशन का इस्तेमाल करने की क्षमता उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के लिए उपयुक्त होगी। रेनशॉ को शामिल करने पर, डोडमाइड ने कहा कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हाल के दिनों में सभी फॉर्मेट में प्रभावित किया है और मध्य क्रम को अतिरिक्त मजबूती देता है, खासकर श्रीलंका में पूल चरणों के दौरान स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैट ने ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड और ब्रिस्बेन हीट के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में विभिन्न भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनकी बाएं हाथ की बल्लेबाजी भी मध्य क्रम को एक अलग पहचान देती है। टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी मिचेल मार्श करेंगे और वे उस खिताब को फिर से हासिल करना चाहेंगे जो उन्होंने आखिरी बार 2021 में जीता था।

ऑस्ट्रेलिया टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

# चीन की झांग और मर्टेंस ने महिला युगल का खिताब जीता



**मेलबर्न, वार्ता।** चीन की झांग शुआई ने एलिस मर्टेंस के साथ मिलकर शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीता।

चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने धीमी शुरुआत और कुछ देर की घबराहट पर काबू पाते हुए रॉड लेवर एरिना में एक घंटे और 48 मिनट में 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। यह बेल्जियम की मर्टेंस और झांग की जोड़ी के लिए पहला बड़ा खिताब है, जो 2022 में विबलडन में उपविजेता रही थीं। पूर्व नंबर 2 डबल्स खिलाड़ी झांग ने पहले 2019 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2021 यूएस ओपन ऑस्ट्रेलियाई सामंथा स्टोसुर के साथ जीता था। यह डैनिलिना और क्रूनिक के लिए निराशाजनक था, जो पिछले साल फेंच ओपन में उपविजेता रही थीं। कजाख-सर्ब जोड़ी ने तेज शुरुआत की, पहले गेम में झांग की सर्विस टूट गई और उसके तुरंत बाद मर्टेंस भी अपनी सर्विस नहीं बचा पाईं।

# हरियाणा थंडर्स ने फाइनल में जगह बनाई

- **चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने मुकाबले में हरियाणा को अंत तक चुनौती दी**



**नोएडा, वार्ता।** पहले सेमीफाइनल में हरियाणा थंडर्स ने संयमित और जुझारू प्रदर्शन करते हुए पंजाब रॉयल्स को 5-4 से हराया और प्रो रेसलिग लीग 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। शुक्रवार रात नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में, लीग चरण को चार जीत और आठ अंकों के साथ शीर्ष पर खत्म करने वाली हरियाणा ने शुरुआती दबाव झेलने के बाद दूसरे हाफ में मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से पलट दी-जिससे सीजन की सबसे निरंतर टीम होने का दावा और मजबूत हुआ।

लीग चरण में चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने नौ बाउट्स के इस रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को अंत तक कड़ी चुनौती दी। परविदंर को उनकी अहम वापसी जीत के लिए इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसने पंजाब की लय को तोड़ा। 76 किग्रा महिला बाउट में शानदार जीत के लिए फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रिया मलिक को मिला। वहीं 62 किग्रा मुकाबले में निर्णायक फॉल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान इरीना कोलियादेंको को दिया गया, जिसने हरियाणा के फाइनल में प्रवेश की नींव रखी। 57 किग्रा पुरुष वर्ग में पंजाब ने पहले बढ़त बनाई, जहां चिराग छिक्कारा ने रोहित के खिलाफ शुरुआती एक्सचेंज पर नियंत्रण रखा। पीरियड 1 में निर्णायक टेकडाउन से चिराग आगे रहे और बाद में रोहित के पैसिविटी प्वाइंट के बावजूद 2-1 की करीबी जीत दर्ज की। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में हरियाणा ने तुरंत जवाब दिया-परविदंर ने चंदरमोहन के खिलाफ दूसरे पीरियड में जोरदार वापसी की। एक्टिविटी प्वाइंट और पुश-आउट्स से पीछे रहने के बाद, परविदंर ने निर्णायक टेकडाउन और पावर मिनट में लेट पुश-आउट के साथ 8-8 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर बाउट अपने नाम की। हेवीवेट मुकाबले में पंजाब ने फिर बढ़त ली, जहां कप्तान दिनेश धनखड़ ने अनिरु( गुलिया को 8-6 से हराया। मुकाबला अंत तक कड़ा रहा-शुरुआती दौर में पुश-आउट्स और एक्टिविटी प्वाइंट्स के बाद पावर मिनट में दोनों ने बड़े टेकडाउन लगाए, जहां धनखड़ का कुल स्कोर निर्णायक साबित हुआ। 76 किग्रा महिला वर्ग में पंजाब की बढ़त और मजबूत हुई, जब प्रिया मलिक ने सीजन में पहली बार काजल धोचक को हराया। प्रिया के आक्रामक खेल ने 99 सेकंड के भीतर फॉल दिलाया और स्कोर 3-1 कर दिया। हरियाणा की वापसी 86 किग्रा पुरुष बाउट से शुरू हुई, जहां अशिरोव अशराफ ने संदीप मान को 5-1 से हराया।

# सैम करन की टी-20 हैट्रिक इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया



**पल्लेकेले, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी-20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। जॉर्डन ने 2024 आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी हैट्रिक ली थी। बाएं हाथ के ऑलराउंडर के अहम स्पेल ने श्रीलंका को 133 रन पर रोक दिया, जिसके बाद इंग्लैंड ने ओपनर फिल साल्ट (46) और टॉम बैंटन (29) के योगदान से बदला हुआ टारगेट हासिल कर लिया। करन का यह परफॉर्मेंस 7 फरवरी से शुरू होने वाले पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक एक हफ्ते पहले आया है, और इससे इंग्लैंड को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने में सही समय पर मदद मिली है। मैच के बाद करन ने इंग्लैंड क्रिकेट से कहा कि यह कहना बहुत अच्छा है कि मैंने हैट्रिक ली है, लेकिन पहले कुछ ओवरों में थोड़ी मुश्किलों के बाद पर्सनली यह एक अजीब रात थी!टी 20 में बहुत उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। एक शानदार जीत, हम अपनी पहली टी-20 जीत से बहुत कॉन्फिडेंस लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वाकई खास, जब मैं टॉप पर था।

# बार कौंसिल के मतदान में 1164 अधिवक्ताओं ने डाले वोट, कुल 2348 पड़े मत





## दूसरे दिन भी शाहनवाज राना को लेकर बना रहा उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव में आज दूसरे दिन 1164 मत पडे। दोनों दिन 2988 में से कुल 2348 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के दौरान पूर्व विधायक व पूर्व उपाध्यक्ष बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश शाहनवाज राना को लेकर अधिवक्ताओं में आज भी उत्साह बना रहा।

दीवानी कचहरी परिसर में आज दूसरे दिन सुबह 10 बजे बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद हेतु मतदान शुरू हुआ। मतदान के लिए सुरक्षा के लिए कडे इंतजाम किये गये थे। कचहरी परिसर प्रत्याशियों के बैनरों से अटा पडा रहा। आज भी सुबह से ही यहां मेले जैसा माहौल रहा। प्रत्याशी शाहनवाज राना के बस्ते पर अधिवक्ताओं का जमावडा लगा रहा और जमकर चर्चा हुई। सुबह के समय ठंड के चलते मतदान की गति थोडी कम रही, लेकिन धूप निकलते ही मतदान की गति देखने को मिली। हालांकि आज का मतदान कल के मतदान के मुकाबले कम रहा। कचहरी परिसर में अधिवक्ता वरियता क्रम को लेकर आपस में बाते करते देखे गये। क्रमांक 266 पर अधिवक्ताओं का दूसरे दिन भी रूझान देखने को मिला।

शाम 5 बजे तक दूसरे दिन बूथ संख्या एक पर 382, बूथ संख्या दो पर 415, बूथ संख्या तीन पर 367 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। शुक्रवार को बूथ संख्या 1 पर 429, बूथ संख्या 2 पर 399, बूथ संख्या 3 पर 356 वोट पडे। शुक्रवार को तीनों बूथों पर 1184 वोट पडे थे। दोनों दिनों के वोट मिलाकर बूथ संख्या एक पर 811, बूथ संख्या दो पर 814 तथा बूथ संख्या तीन पर 723 वोट पडे। कुल मिलाकर 2988 में से कुल 2348 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।





इस दौरान पूर्व विधायक शाहनवाज राना के लिए अधिवक्ता मुनव्वर अली खान, जमाल साबरी, मौहम्मद अली एडवोकेट, शाहजमा एडवोकेट, राव इकबाल एडवोकेट, शाहनवाज एडवोकेट, इकबाल अहमद एडवोकेट, मंजर काजमी एडवोकेट, रणधीर सिंह एडवोकेट, नवेद एडवोकेट, जिशान एडवोकेट, संगीता एडवोकेट, पारूल एडवोकेट, गुलशन एडवोकेट, अजीत सिंह एडवोकेट के अलावा जिया अब्बास जैदी, अबूबकर शिब्ली, अनिल कुछाडिया, अहमद खान मोनू, शाहनवाज पप्पी, उसमान राव तीतरो, प्रवेज अली एडवोकेट, नासिर खटाना एडवोकेट, सागर रोहिला एडवोकेट, शौकीन अहमद एडवोकेट, अबूजर कुरैशी, नासिर जमाल, अमीर खान एडवोकेट, राजेश एडवोकेट आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**कुल मतदाता- 2988**
**दूसरे दिन का मतदान**
**बूथ संख्या एक**
**कुल मतदाता- 1 से 1000 तक**
**मतदान - 382**
**बूथ संख्या दो**
**कुल मतदाता- 1001 से 2000 तक**
**मतदान - 415**
**बूथ संख्या तीन**
**कुल मतदाता- 2001 से 2899 तथा 1 से 89 तक**
**मतदान - 337**
**आज का कुल मतदान 1164**
**दोनों दिन का मतदान 2348**



















## विदेशी छात्र की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** ग्रेटर नोएडा से देहरादून वीकेंड मनाने जा रहे एक विदेशी छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव हरियाबांस के पास देहरादून यमुनानगर हाईवे पर शुक्रवार दोपहर हुआ।

मृतक छात्र की पहचान कमाल पुत्र हारून (20), निवासी सिटी दार-ए-सलाम, तंजानिया के रूप में हुई है। वह ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था।जानकारी के अनुसार, कमाल अपने पांच अन्य दोस्तों के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिलों से नोएडा से देहरादून जा रहा था। सभी छात्र शारदा यूनिवर्सिटी में बीटेक और बीबीए के छात्र हैं। इनमें उम्मेद पुत्र हारून, जान, लुकमान, इब्राहिम पुत्र खलील निवासी डमार, यमन और

**अपने दोस्तों के साथ बाइक से घूमने जा रहा था मृतक छात्र**

दीक्षा पुत्र विकास चंद निवासी दीवान बाजार, गोरखपुर शामिल हैं। यह सभी छात्र शुक्रवार सुबह नोएडा से निकले थे। शनिवार दोपहर जैसे ही उनका काफिला गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव हरियाबांस स्थित केले के गोदाम के पास देहरादून रोड हाईवे पर पहुंचा, तभी कमाल की मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई।तेज रफ्तार के कारण बाइक डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि कमाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। उसके साथ चल रहे दोस्तों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायल कमाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरौड़ा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना गागलहेड़ी पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी पीयूष दीक्षित के अनुसार, प्रथम दृष्टया हादसे का कारण बाइक का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। अन्य पांचों छात्रों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

पुलिस ने परिजनों और विश्व. विद्यालय प्रशासन को घटना की सूचना दे दी है। विदेशी छात्र की असमय मौत से उसके दोस्तों और यूनिवर्सिटी में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिविर में 38 यूनिट रक्तदान

**सहारनपुर।** सामाजिक संस्था फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 38 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर सराहनीय कार्य किया है।

नुमाइश कैम्प के गोपाल नगर स्थित गोपाल मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर का अतिथियों ने विधिवत शुभारम्भ किया। ट्रस्ट के समर्पित पदाधिकारी पार्थ माहेश्वरी की स्मृति में उनके जन्मदिवस पर आयोजित शिविर का संयोजन ब्लड डोनेशन विंग के अध्यक्ष अंकित तनेजा द्वारा किया गया। शिविर में पार्थ माहेश्वरी के परिजनों सहित कुल 38 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के वरिष्ठ संरक्षक अश्वनी कुमार मित्तल एवं नीरू सिंह ने कहा कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का मिशन समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को निरंतर बढ़ावा देना है। पार्थ माहेश्वरी जैसे युवाओं का योगदान इस मिशन को दिशा और प्रेरणा देता है। योगेश पंवार (मोटिवेशन विंग, उपाध्यक्ष) और नंदिनी बठला (उपाध्यक्ष, महिला विंग) ने कहा कि रक्तदाताओं की सहभागिता दर्शाती है कि समाज पार्थ माहेश्वरी के विचारों और सेवा भाव को आगे बढ़ा रहा है। संगठन विंग के अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल एवं महासचिव अभयराज चौधरी ने कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है। यह ऐसा महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिलता है। ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य तरुण भोला ने कहा कि पार्थ माहेश्वरी केवल एक रक्तदाता नहीं थे, बल्कि वे एफबीडी परिवार की आत्मा थे। उनकी सक्रियता, अनुशासन और सेवा भाव आज भी टीम के लिए प्रेरणास्रोत है। शिविर में पंकज जुनेजा, कुसुमलता, नितिन बजाज, लविश, सुमन कालरा आदि का योगदान रहा।

## बेहट में 970 मतदाताओं की सुनवाई

**बेहट।** तहसील मुख्यालय सहित दोनों नगर पंचायत बेहट छूटमलपुर सहित दोनों ब्लाकों मुजफ्फराबाद, साढ़ोली कदीम पर विशेष प्रागढ़ पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत खुद को वैध मतदाता साबित करने के लिए लोग सक्रिय हैं। 21 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक बेहट विधान सभा का 66 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। आज बेहट विधान सभा में 970 मतदाताओं की सुनवाई की गई।

एसआईआर चुनाव आयोग की ओर से भेजे गए नोटिस में पहचान संबंधी दस्तावेज जमा करने के लिए समय दिया गया है, नोटिस का जवाब देने के लिए जरूरी कागजात जुटाने में पसीने छूट रहे हैं। हालत यह है कि लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल और जन्म प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजात जुटाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय से लेकर अन्य संबंधित कार्यालय एवं ग्राम सचिवों के चक्कर लगाना पड़ रहा है। खासकर महिला मतदाता सबसे ज्यादा परेशान हैं। बिना मैपिंग वाले मतदाताओं को लगातार नोटिस भेजे जा रहे हैं। इन नोटिसों के साथ 13 विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से मतदाताओं को स्वयं के और अपने माता-पिता के जन्म प्रमाण आदि दस्तावेज संलग्न कर अपने को वैध मतदाता साबित करना है। इस प्रक्रिया में सबसे ज्यादा मुश्किल महिला मतदाताओं को आ रही है। खासकर बाहरी जिलो व राज्यों से शादी होकर आने वाली महिलाओं को। इन्हें प्रपत्र जुटाने के लिए मायके से दस्तावेज मंगाने पड़ रहे हैं। कई मतदाताओं से बात करने के अनुसार एसआईआर के ड्राफ्ट लिस्ट आने के बाद क्षेत्र में मतदाताओ की सूचना मैप नहीं होने के कारण नोटिस आना शुरू हो गया है। इसका जबाब देने के लिए कागजात जुटाने में मतदाताओं की परेशानी बढ़ गई है। लोग परिवार रजिस्टर व जन्म प्रमाण पत्र के लिए ब्लॉक कार्यालय और निवास प्रमाण पत्र के लिए तहसील व ग्राम सचिवों का चक्कर काट रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत महिला मतदाताओं को हो रही है। उनका जन्म प्रमाण पत्र उनके मायके से जारी होना हैं, जो मिल पाना बहुत कठिन साबित हो रहा हैं। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी /एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि तहसील परिसर में भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण में मतदाता सत्यापन कैंप का आयोजन 6 बूथ स्थलों पर सह निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारीयों द्वारा 11 दिनों से संचालित है। इसमें मतदाताओं के नाम से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।



असम। गुवाहाटी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने से पहले विक्रेता सूखे मेवे बेचता हुआ।

## हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान, जोखिम को जन्म न दे: अमेरिका

**टैंपा (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से अनुरोध किया है कि वह रविवार से हरमुज की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा कि सेंटकॉम आईआरजीसी से आग्रह करता है कि वह घोषित नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आजादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए।

# हॉलीवुड एक्ट्रेस ने नूरजहां का ताजमहल नेकलेस पहना

## करीब 74 करोड़ कीमत, 54 साल पहले अमेरिकी अभिनेत्री को उनके पांचवें पति ने गिफ्ट किया था

**कैलिफोर्निया।** हालीवुड एक्ट्रेस मार्गोट राबी ने बेगम नूरजहां का 400 साल पुराना नेकलेस (हार) पहना जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। वह अपनी आगामी फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के प्रचार के लिए बुधवार को रेड कार्पेट पर ग्लैमरस लुक में दिखीं। राबी ने लास एंजिल्स में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर पर एक शानदार गाउन पहना था। यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने।



■ यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने

यह 69.42 कैरेट का हार्ट शेप का टेबल-कट डायमंड है और इसे गोल्ड और रूबी से बनी कार्टियर चेन में सेट किया गया है। इस नेकलेस की कीमत लगभग 8 मिलियन डालर (करीब 74 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। यह नेकलेस 54 साल पहले, 1972 में अमेरिकी एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर के पांचवें पति रिचर्ड बर्टन ने उनके 40वीं जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में बुधवार को फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था मुमताज महल की याद में बने मकबरे ताज महल के नाम से इस शानदार नेकलेस का नाम 'ताज महल डायमंड नेकलेस' पड़ा। ताज महल डायमंड की असली कहानी और भी रोचक है। इसे मुगल सम्राट शाह जहांगीर ने अपनी पत्नी नूरजहां को गिफ्ट किया था। यह दिल के आकार का डायमंड 17वीं सदी का है, जिस पर फारसी भाषा में 'प्यार हमेशा बना रहता है' लिखा है। इस पर नूरजहां का नाम भी उकेरा गया है। बाद में यह उनके बेटे शाहज. हां के पास पहुंचा, जिन्होंने इसे अपनी पत्नी मुमताज महल को दिया।

मुमताज की मौत के बाद शाहजहां ने ताजमहल बनवाया, जिसके कारण इस डायमंड को ताज महल डायमंड कहा जाने लगा। नूरजहां मुगल साम्राज्य की सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली बेगम थीं। कहा जाता है कि वह मुगल सम्राट जहांगीर की 20वीं पत्नी थी। उन्होंने 1611 में मुगल सम्राट जहांगीर से शादी की। जहांगीर ने उन्हें पहले नूर महल (महल की रोशनी) और बाद में नूरजहां (दुनिया की रोशनी) का खिताब दिया। वह मुगल इतिहास में इकलौती ऐसी बेगम थीं जिनके नाम पर सिक्के ढाले गए, फरमान जारी किए गए और उन्होंने दरबार में जहांगीर के साथ बैठकर शासन चलाया। नूरजहां मुगल दरबार में फैशन और स्टाइल की रानी मानी जाती थीं। उन्होंने खुद डिजाइनर की तरह काम किया और कई नए फैशन ट्रेंड शुरू किए। उन्होंने नूरमहली ड्रेस जैसी खास पोशाकें डिजाइन कीं, जो हल्की, फ्लोरल पैटर्न वाली काटन और मलमल से बनी होती थीं। उन्होंने बदला किनारी, पंचतोलिया (पांच रंगों वाली महीन कपड़े) और दुदामी जैसे नए टेक्सटाइल और फैब्रिक्स को पापुलर किया। वे परफ्यूम बनाने में माहिर थीं और अत्रि जहांगीरी नाम का अपना स्पेशल इत्र बनाती थीं, जो गुलाब के तेल से तैयार होता था। उनके स्टाइल में फारसी, मुगल और सेंट्रल एशियन प्रभाव का मिश्रण था। नूरजहां मुगल इतिहास की सबसे अमीर और स्वतंत्र रूप से धनी बेगमों में से एक थीं।

# बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला

## 10 पुलिसकर्मियों की मौत, डिप्टी कमिश्नर को किडनैप किया, जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए। हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में शनिवार सुबह 12 से ज्यादा जगहों पर एक साथ हमले किए। राजधानी क्वेटा में कम से कम चार पुलिसकर्मी मारे गए। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं।

क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है। बीएलए ने इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का नाम दिया है। हमले के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों के पीछे भारत का हाथ है। इन हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने कहा कि उसने सैन्य ठिकानों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया। साथ ही यह भी दावा किया कि मुख्य हाईवे बंद किए गए, ताकि सेना की कार्रवाई में बाधा डाली जा सके। बीएलए लड़ाकों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर ये दावा किया है कि उन्होंने क्वेटा के एक बाजार इलाके पर कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हथियारबंद आतंकी बाजार में घुस आए और कुछ समय के लिए पूरे इलाके पर उनका नियंत्रण रहा। हालांकि, इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। क्वेटा में एएफपी के एक पत्रकार ने बताया कि शहर में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। पूरे शहर में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई, मुख्य सड़कें सुनसान रहीं और कारोबार ठप हो गया। 38 साल के निजी कर्मचारी अब्दुल वली ने बताया कि सुबह से लगातार धमाके हो रहे हैं।




■ शहबाज शरीफ ने कहा: हमलों को नाकाम कर दिया, हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया

उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें खून की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि पुलिस हम पर बंदूक तानती है और कहती है वापस जाओ, वरना मारेंगे। ऐसे में हम क्या करें? ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब एक दिन पहले ही सेना ने दावा किया था कि उसने बलूचिस्तान में दो अलग-अलग अभियानों में 41 विद्रोहियों को मार गिराया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने इसके लिए सुरक्षा बलों की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि उन्हें और पूरे देश को अपने शहीदों पर गर्व है। साथ ही उन्होंने इन हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे गरीब प्रांत है, जबकि यहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास के मामले में यह देश के बाकी हिस्सों से काफी पीछे है। यह इलाका लंबे समय से हिंसा और विद्रोह से जूझ रहा है। यह खनिज संसाधनों से भरपूर दक्षिण-पश्चिमी प्रांत है, जिसकी सीमा अफगानिस्तान और ईरान से लगती है। यहां लड़ाके अक्सर सरकारी बलों, विद. ेशी नागरिकों और दूसरे प्रांतों से आए लोगों को निशाना बनाते हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) बलूचिस्तान का सबसे सक्रिय अलगाववादी संगठन माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में बलूच अलगाववादियों ने दूसरे प्रांतों से आए पाकिस्तानी मजदूरों और विदेशी कंपनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। उनका आरोप है कि ये लोग और कंपनियां बलूचिस्तान के संसाधनों का शोषण कर रही हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है। बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं।

## पाक पीएम बोले: कर्ज मांगने में अब आती है शर्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नारा. जगी जताई है। शहबाज ने माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार.बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है।' शहबाज ने कहा: कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें काम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते। शहबाज ने यह भी कहा कि कर्ज का बोझ देश की इज्जत पर भारी पड़ रहा है और अब वैकल्पिक आर्थिक रास्ते तलाशने की जरूरत है। उनका बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान आईएमएफ से मदद और पुराने कर्ज को रोलओवर (आगे बढ़ाने) की कोशिश कर रहा है। पीएम शहबाज के बयान से जाहिर है कि पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और अंतर्राष्ट्रीय मदद पर बहुत ज्यादा निर्भर हो चुका है। शहबाज ने चीन को 'हर मौसम का दोस्त' बताया और कहा कि सऊदी अरब, यूएई और कतर ने भी अच्छे-बुरे हर वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है।



■ दूसरे देशों के सामने हमारा सिर झुका रहता है, उनकी शर्तें मानना हमारी मजबूरी: शहबाज शरीफ

# ईरान के गृह मंत्री और शीर्ष अधिकारियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** ईरान में जारी प्रदर्शन के बाद अमेरिका ने ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों पर ईरानी प्रशासन पर हिंसक कार्रवाई के लिए ये सभी जिम्मेदार थे। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मोमेनी ईरान इस्लामिक गणराज्य के हत्यारे कानून प्रवर्तन बल का संचालन करते हैं, जो हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या के लिए जम्मिेदार है।

बयान में अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने कहा कि आज अमेरिका के वित्त मंत्रालय के विद. ेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ईरानी लोगों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अतिरिक्त कार्रवाई की। जिन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए गए, उनमें ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी शामिल हैं।ष्इन प्रतिबंधों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों और ईरानी व्यवसाई बाबक मोर्तेजा जंजानी को भी निशाना बनाया गया है, जिन पर ईरानी लोगों से अरबों डॉलर के गबन का आरोप है। मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी है। अमेरिका के प्रतिबंधों के तहत नामित व्यक्तियों या संस्थाओं की कोई भी संपत्ति जब्त कर दी जाती है और अमेरिकी नागरिकों तथा कंपनियों को उनके साथ व्यापार करने से मना किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जंजानी ने आईआरजीसी और व्यापक ईरानी शासन का समर्थन करने वाली परियोजनाओं को आर्थिक रूप से समर्थन दिया है। ओएफएसी ने पहली बार जंजानी से जुड़े दो डिजिटल संपत्ति विनिमय नामित किए। यह ईरानी अर्थव्यवस्था में काम करने वाले डिजिटल एसेट विनिमय के खिलाफ उसकी पहली कार्रवाई है। मंत्रालय के सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि एक समृद्ध ईरान बनाने के बजाय शासन ने देश के तेल राजस्व के बचे हुए हिस्से को परमाणु हथियारों के विकास, मिसाइलों और दुनिया भर में आतंकवादी संगठन पर बर्बाद करना चुना है।

■ मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी

## ईरान बातचीत के लिए तैयार: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया।

उन्होंने ईरान के पास एक अमे. रिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का जक्रि करते हुए कहा कि उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बराबरी के स्तर पर बातचीत करने को तैयार है, लेकिन उन्होंने साफ तौर पर जोर दिया कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर कभी बातचीत नहीं होगी। फिलहाल, बातचीत फिर से शुरू करने के लिए ईरानी और अमे. रिकी अधिकारियों के बीच कोई बैठक तय नहीं है। अराघची ने कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताएं कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी। ये बयान ट्रम्प की तरफ से बार-बार दी जा रही चेताव. नियों के बीच आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर ईरान अमेरिकी मांगों को पूरा नहीं करता है, जिसमें उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसा. इल विकास पर रोक शामिल है, तो संभावित सैन्य कार्रवाई की जा सकती है।

■ अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है

## पूर्वोत्तर नाइजीरिया में बोको हरम के हमले में 25 लोगों के मारे जाने की आशंका

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में निर्माण मजदूरों के एक समूह पर बोको हरम के संदिग्ध आतंकवादी हमले में 25 लोगों के मारे जाने और अन्य के घायल होने की आशंका है। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया ने देश के उस हिस्से में सत्तारूढ़ ऑल प्रोग्रेसिव्स कांग्रेस पार्टी के एक नेता अलीऊ जैफादा के जानिब बताया कि गुरुवार को मैदुगुरी-डांबोआ सड़क पर वाजिर्को गांव में इस घटना के बाद लगभग एक दर्जन शवों को दफनाया गया। सभी पीड़ित निर्माण मजदूर थे जो बोको हरम के पिछले हमलों में क्षतिग्रस्त हुए एक पुल की मरम्मत कर रहे थे।

# इजरायली हमले में 31 फलस्तीनियों की मौत

## 4 महीने में सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला

**गाजा/जोहान्सबर्ग।** गाजा में शनिवार को इजरायली हमलों में कम से कम 31 फलस्तीनी मारे गए। अक्टूबर में लड़ाई रो. कने के लिए हुए सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला है। इजरायल ने गाजा सिटी की एक रिहायशी इमारत और खान यूनिस में लगे एक टेंट कैंप पर हुए घातक हमले शामिल हैं। मारे गए लोगों में दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं, जो दो अलग-अलग परिवारों से थे।

गाजा सिटी में एक पुलिस स्टेशन पर हवाई हमला भी हुआ, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की बात शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया ने कही। ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब मिस्र की सीमा पर स्थित रफाह क्रासिंग रविवार को खोलने की तैयारी है। यह क्रासिंग गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिकॉर्ड किया है कि 10 अक्टूबर से सीजफायर शुरू होने के बाद इजरायली फायरिंग से 500 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल के राजनयिक 'चार्ज डी अफेयर्स' एरियल सेडमैन को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इजरायल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान (प्रतिस्पर्धी) कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा 'कूटनीतिक मानदंडों और प्रथाओं के अस्वीकार्य उल्लंघनों की शृंखला' के बाद लिया गया है, जो देश की संप्रभुता के लिए 'सीधी चुनौती' है। विभाग के अनुसार, राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के खिलाफ आधिकारिक इजरायली सोशल मीडिया मंचों पर अपमानजनक टिप्पणियां करना और पूर्व सूचना के बिना वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों का कथित यात्राओं पर जाना इन उल्लंघनों में शामिल है। बयान में किसी एक विशिष्ट घटना का उल्लेख नहीं किया गया। दक्षिण अफ्रीका की मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, नवम्बर 2025 में इजरायली दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में इजरायल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका द्वारा दायर मामले को 'दक्षिण अफ्रीकियों के लिए शून्य मूल्य' और 'पूरी तरह राजनीतिक नाटक' करार दिया था। उसी महीने, जब राष्ट्रपति रामाफोसा ने कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बहिष्कार से जी-20 जोहान्सबर्ग सम्मेलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, तो दूतावास ने उनकी टिप्पणी को व्यंग्यात्मक लहजे में 'बुद्धिमत्ता और कूटनीतिक स्पष्टता का एक दुर्लभ क्षण' बताया था। दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि सेडमैन की कार्रवाइयां 'कूटनीतिक विशेषाधिकारों का घोर दुरुपयोग और वियना कन्वेंशन का मूलभूत उल्लंघन' हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक विश्वास और प्रोटोकॉल कमजोर हुए हैं। विभाग ने इजरायल से भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक सिद्धांतों का सम्मान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। दक्षिण अफ्रीका और इजरायल के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर 1990 के दशक से फलस्तीनी मुद्दे पर प्रिटोरिया के मुखर समर्थन के कारण।



■ दक्षिण अफ्रीका ने इजरायली राजनयिक को देश छोड़ने का दिया आदेश

# कनाडा के दुश्मनों से मिले अमेरिकी अधिकारी

## अल्बर्टा को आजाद देश बनाने की कोशिश में अलगाववादी, पीएम कार्नी बोले: आंतरिक मामलों में दखल बर्दाश्त नहीं

वाशिंगटन। कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में एक नया विवाद शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका के अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग देश बनाने की मांग कर रहे अलगाववादी समूह के नेताओं से मुलाकात की। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुता. बिक, पिछले साल अप्रैल से अब तक अमे. रिकी विदेश विभाग के अधिकारी तीन बार अल्बर्टा के अलगाववादी नेताओं से मिले।

ये नेता अल्बर्टा को कनाडा से अलग कर एक स्वतंत्रा देश बनाने की वकालत कर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा। कार्नी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगा। कनाडा से आजादी की मांग कर रहे इस समूह का नाम अल्बर्टा प्रास्पेरिटी प्रोजेक्ट (एपीपी) है। यह संगठन अल्बर्टा की आजादी के लिए जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराने की मांग कर रहा है। एपीपी के नेता और को-फाउंडर जेफ्री रथ ने अल्बर्टा की आजादी के लिए अमेरिका से 500 मिलियन डालर की मदद मांगी है। उन्होंने 23 जनवरी को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि वे अगले महीने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान अमेरिका से इस रकम को कर्ज के तौर पर मांगा जाएगा। बीबीसी से बातचीत में जेफ्री ने बताया कि अल्बर्टा के आजाद होने पर इस पैसे का इस्तेमाल किया जाएगा। अल्बर्टा पश्चिमी कनाडा का तेल-समृद्ध प्रांत है। इसकी आबादी करीब 50 लाख है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यहां कनाडा के कुल कच्चे तेल उत्पादन का लगभग 84 प्रतिशत हिस्सा निकलता है। यह प्रांत लंबे समय से खुद को एनर्जी प्रांत के रूप में देखता रहा है। अलगाववादियों का कहना है कि कनाडा सरकार की जलवायु नीतियां अल्बर्टा के तेल उद्योग को नुकसान पहुंचा रही हैं। उनका आरोप है कि अल्बर्टा से सरकार को भारी टैक्स मिलता है, जबकि बदले में राज्य को कम आर्थिक सहायता मिलती है। रिपोर्च के मुताबिक अल्बर्टा में लोग परंपरावादी है, जबकि कनाडा के दूसरे राज्यों में उदार आबादी ज्यादा है। इससे उनकी रूढ़िवादी आवाज दब जाती है।



■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा: कार्नी

## अमेरिकी सरकार में आंशिक शटडाउन शुरू जल्द समाधान की उम्मीद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की कांग्रेस आधी रात की फंडिग डेडलाइन से पहले 2026 का बजट पास करने में नाकाम रही, जिसके बाद शनिवार को अमे. रिकी सरकार का आंशिक शटडाउन शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के लिए नई फंडिग पर बातचीत तब रुक गई, जब डेमोक्रेटिक पार्टी ने मिनियापोलिस में संघीय इमिग्रेशन एजेंटों द्वारा दो प्रदर्शनकारियों की हत्या पर गुस्से में प्रतिक्रिया दी। उम्मीद की जा रही है कि ये व्यवधान सीमित होंगे, क्योंकि कांग्रेस अगले हफ्ते की शुरुआत में सीनेट समर्थित डील को मंजूरी देने के लिए आगे बढ़ेगा।

# नाबालिग लड़कियों का रोजाना रेप करता था एपस्टीन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार देर रात जेफी एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइलें जारी की हैं। इन दस्तावेजों में बताया गया है कि एपस्टीन नाबालिग लड़ियों का रोज कई बार यौन शोषण करता था। डेली मेल के मुताबिक यह खुलासा 2010 में फ्लोरिडा में एक पीड़िता की तरफ से दायर सिविल शिकायत में हुआ है, जिसका जिक्र इन फाइल्स में है।

इसके अलावा कुछ तस्वीरों में ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू को जमीन पर लेटी एक लड़की के ऊपर हाथ रखे दिखाया गया है। इन फाइल्स में पहली बार भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर और टेस्ला के सीईओ एलान मस्क का नाम भी आया है। ट्रम्प प्रशासन पिछले कुछ समय से कोर्ट के आदेश के बाद यौन अपराधी जेफी एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकार्ड पब्लिक कर रहा है। अब जारी हुई नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो शामिल हैं।

अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी की तरफ से जारी की गई एक बिना तारीख वाली तस्वीर में जेफी एप्स्टीन कुछ युवतियों के साथ दिख रहा है। यह तस्वीर दिसम्बर में जारी हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक, जब कोई लड़की एपस्टीन के पाम बीच स्थित घर पहुंचती थी, तो उसे एपस्टीन की प्राइवेट गाड़ी से लाया जाता था। घर पहुंचने पर एक सहायक लड़की की निजी जानक. ारी नोट करता था। इसके बाद उसे सीढ़ियों से ऊपर एक ऐसे कमरे में ले जाया जाता था, जहां शावर और मसाज टेबल होती थी। अगर लड़की पहली बार आई होती थी, तो कमरे में पहले से एक और लड़की मौजूद रहती थी, जो उसे बताती थी कि क्या करना है। इसके बाद एपस्टीन उस लड़की को बाहर भेज देता था। एपस्टीन लड़िकयों को साफ-साफ बताता था कि उसे क्या चाहिए और कैसे चाहिए। वह उन्हें कपड़े उतारने के लिए कहता था और उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। कई बार वह लड़िकयों को एक-दूसरे के साथ सेक्स रिलेशन बनाने के लिए मजबूर करता था। शिकायत दर्ज कराने वाली लड़की ने बताया कि उसकी पहचान एपस्टीन से 15 साल की उम्र में कराई गई थी।

■ सेक्स फाइल्स में खुलासा, जमीन पर लेटी महिला के साथ दिखे ब्रिटिश प्रिंस, मस्क-मीरा नायर का भी नाम



# शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा

**मुंबई।** अभिनेत्री पुष्पा का कहना है कि शो पुष्पा इम्पॉसिबल काम से ज्यादा एक बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा लगता है। सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी प्रेरणादायक कहानी और आम जिंदगी से जुड़े किरदारों से लोगों का दिल जीत रहा है। यह शो अपनी लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की रोज़मर्रा की जीत और चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाता है, जिससे यह टेलीविज़न पर सबसे पसंदीदा फैमिली एंटरटेनर में से एक बन गया है। यह शो न सिर्फ स्क्रीन पर गर्माहट लाता है, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी एक मज़बूत, खुशहाल रिश्ते पर टिका है, जिसे प्रार्थना का किरदार निभाने रही पूजा कतुरडे बहुत ज्यादा पसंद करती हैं। ऑफ-स्क्रीन भी, कास्ट के बीच उतनी ही गर्मजोशी वाली दोस्ती है, जिससे सेट एक बड़े परिवार जैसा लगता है। पूजा ने बताया कि टीम ब्रेक के दौरान भी सेट पर ज्यादातर समय साथ बिताती है। अपने कमरों में वापस भागने के बजाय, एक्टर्स फ्लोर पर ही रहना पसंद करते हैं, बातें करते हैं, मज़ाक करते हैं और मजे़दार गेम खेलते हैं, जो एनर्जी को हाई रखते हैं और माहौल को जिंदादिल बनाए रखते हैं। यह दोस्ती स्वाभाविक रूप से उनकी परफॉर्मेंस में झलकती है और शो के सहज आकर्षण में योगदान देती है। पूजा कतुरडे ने कहा, दर्शक स्क्रीन पर जो देखते हैं, हम ऑफ-स्क्रीन भी बिल्कुल वैसे ही हैं, एक बड़े, खुशहाल परिवार की तरह। सेट पर हमारा जो रिश्ता है, वह सच में बहुत खास है।

लोग अक्सर सोचते हैं कि ब्रेक मिलते ही एक्टर्स अपने कमरों में भाग जाते हैं। लेकिन हमारे लिए यह बिल्कुल उल्टा है। हम शायद ही कभी अपने कमरों में वापस जाते हैं, क्योंकि सेट ही हमारा कम्फर्ट ज़ोन बन गया है। हमारे ब्रेक आमतौर पर खत्म न होने वाली बातों, हंसी-मज़ाक और ऐसे मजे़दार गेम से भरे होते हैं, जिनकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।

## स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में नील भट्ट ने अपने ड्यूल अवतार पर की बात

**मुंबई।** अभिनेता नील भट्ट ने स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में अपने ड्यूल अवतार पर बात की है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन लाइनअप को मजबूत करने के लिए जल्द ही अपना नया शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम लॉन्च करने जा रहा है। सस्पेंस और इंट्रीग से भरा यह फैमिली ड्रामा आम घरेलू जिंदगी और एक खतरनाक सीक्रेट दुनिया को साथ जोड़ता नजर आएगा। रिलीज़ हुए प्रोमो में कहानी की एक झलक दिखाई गई है, जहां नील भट्ट डबल रोल में नजर आएंगे, एक तरफ शिवप्रसाद, एक जिम्मेदार पति, और दूसरी तरफ परशुराम, एक सीक्रेट स्पाई। इस खास रोल को लेकर नील ने अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और बताया कि इतने अलग-अलग किरदारों को निभाने का अनुभव उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण और दिलचस्प रहा है। शिवप्रसाद एक आम आदमी है, जो शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी का नाम शालिनी है। दूसरी तरफ, परशुराम एक जासूस है, और शालिनी को इस बात की भनक तक नही है कि उसका पति एक सीक्रेट एजेंट की तरह दोहरी जिंदगी जी रहा है। नील भट्ट ने अपने किरदार और पूरे अनुभव को लेकर बात करते हुए अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की। उन्होंने कहा, इस शो में मुझे सबसे ज्यादा जो चीज़ पसंद आई, वह शिवप्रसाद का ड्यूल नेचर है, जिसके भीतर परशुराम बसता है। प्रोमो की शूटिंग के दौरान हमने तय किया कि घर के अंदर वह राम की तरह होगा शांत, धैर्यवान और समर्पित और बाहर की दुनिया में परशुराम मजबूत, निडर और फैसले लेने वाला।

## बॉर्डर 2 ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 224 करोड़ की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 ने भारतीय बाजार में अपने पहले सप्ताह में 224 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। फिल्म बॉर्डर 2, वर्ष 1997 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। फिल्म ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 224 करोड़ की कमाई की है।

# मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी इमोशंस से भरपूर: शांभवी



**मुंबई।** अभिनेत्री शांभवी का कहना है कि स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है।

स्टार प्लस के आने वाले शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में शालिनी का किरदार निभा रही शांभवी सिह इस प्रोजेक्ट को बेहद खास और क्रिएटिव तौर पर संतोष देने वाला बताती हैं। चैनल और शो के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए शांभवी ने कहा कि इसकी कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है। शांभवी सिंह ने कहा, यह वाकई बहुत खास और एक्साइटिंग लग रहा है।

मिस्टर एंड मिसेज परशुराम सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें इमोशंस, रिश्ते और रोज़मर्रा की जद्दोजहद गहराई से जुड़ी हुई है, जो हर उम्र के दर्शकों को जोड़ती है। ऐसे शो का हिस्सा बनना जो दिल और रोमांच के बीच अच्छा बैलेंस बनाता हो, क्रिएटिव तौर पर बहुत सुकून देता है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे ऐसे प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला, जो एंटरटेन करने के साथ-साथ लोगों को इमोशनली भी छूता है। शांभवी सिंह ने कहा, शालिनी मजबूत होते हुए भी सौम्य है, जमीन से जुड़ी हुई है लेकिन उम्मीद से भरी हुई भी। वह प्यार, परिवार और ईमानदारी में गहराई से विश्वास करती है। उसकी ताकत किसी आक्रामकता से नहीं आती, बल्कि उसकी सहनशीलता, करुणा और इमोशनल समझ से आती है। वह ऐसी महिला है जो चुपचाप सबको जोड़कर रखती है और साथ ही अपने उसूलों के लिए मजबूती से खड़ी रहती है। मिस्टर एंड मिसेज परशुराम का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे, सिर्फ़ स्टार प्लस पर होगा।

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर

# मदोनी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हुईं स्मृति मंधाना



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी स्मृति मंधाना फिल्म ष्मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हो गई हैं। रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 के ट्रेलर में हर भारतीय बच्ची को बचाने का जो सशक्त संदेश दिया गया है, उसने कई लोगों को गहराई से छुआ है। स्मृति मंधाना ने कहा कि वह मर्दानी 3 की थीम से गहराई से जुड़ती हैं क्योंकि लड़कियों पर होने वाले कई अत्याचार अक्सर बिना कहे ही रह जाते हैं। स्मृति ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक छोटी लड़की की जिदगी अमूल्य होती है। लड़कियां बहुत कुछ सहती हैं, बहुत कुछ देखती हैं और अक्सर चुपचाप सहन करती हैं। हर बच्ची की सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि जब समाज लड़कियों के लिए सुरक्षित होता है, तो वे आगे बढ़ती हैं, सपने देखती हैं और न सिर्फ़ अपने लिए बल्कि अपने परिवार और अपने देश के लिए भी जीतती हैं। स्मृति ने लिखा, मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर मैं अभिभूत हूं और मैं बस यही प्रार्थना करती हूं कि हम सब एक देश के रूप में मिलकर हर लड़की, हर महिला की रक्षा करें क्योंकि जो समाज किसी लड़की के साथ अच्छा व्यवहार नही करता, वह समाज कहलाने लायक नही होता। आइए मिलकर एक सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण करें। अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, मर्दानी आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसी फिल्म के साथ रानी मुखर्जी अपने गौरवशाली करियर के 30 वर्ष भी पूरे कर रही हैं।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का गाना मनजोगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का नया गाना मनजोगी रिलीज हो गया है। ज़ी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित, ज़ी स्टूडियोज़ और संजय कोहली द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा वास्तव, आसिफ़ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी बीच फिल्म का रोमांटिक गाना मनजोगी रिलीज़ किया गया है, जिसे अपनी सुरीली आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले सोनू निगम ने गाया है। मनजोगी के बोल गुलाम मोहम्मद खावर ने लिखे हैं, जबकि इसका संगीत विशाल शेल्के ने दिया है। फिल्म भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन, का निर्देशन शशांक बाली ने किया है। ज़ी स्टूडियोज़ इस फिल्म को 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ करने जा रहा है।

# कुब्रा ने मनाया फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। फिल्म देवा की रिलीज को एक साल पूरा होने पर कुब्रा सैत उस प्रोजेक्ट को याद कर रही हैं जिसने उन्हें गहराई से चुनौती दी और एक कलाकार ही नहीं, एक इंसान के तौर पर भी उन्हें गढ़ा।

फिल्म की पहली सालगिरह के मौके पर कुब्रा उस सफर पर नजर डाल रही हैं, जिसने वास्तविक लोकेशन्स में लंबे शूटिग दिनों के साथ उनके भावनात्मक धैर्य की परीक्षा ली और उन्हें आगे बध्ने में सहयोग दिया। कुब्रा ने कहा, फि़ल्म देवा ने मुझे थोड़ा तोड़ा और बहुत कुछ बना दिया। देवा की शूटिंग लगभग एक साल चली, जिसमें इंतज़ार, चीज़ों को समझने की कोशिश और असली थकान से जूझना शामिल था।

लेकिन एक सच यह भी है कि मुश्किल हालात अजीब तरह से आप पर काम करते हैं। वे आपको मज़बूत बनाते हैं, गहरे रिश्ते बनाते हैं और खुद के साथ एक सशक्त रिश्ता बनाने के लिए मजबूर करते हैं। देवा के एक साल पूरे होने के साथ यह फिल्म कुब्रा के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि यह 2025 की उनकी पहली थिएट्रिकल रिलीज रही। यह एक ऐसा मुकाम है, जो सिर्फ़ पेशेवर उपलब्धि नही, बल्कि निजी विकास से भी जुड़ा है। फि़ल्म की सालगिरह पर कुब्रा देवा की पूरी टीम का, खासकर रॉय कपूर फि़ल्म्स का, दिल से शुक्रिया अदा करती हैं। उस सफ़र के लिए जिसने उन्हें और मज़बूत, ज़मीन से जुड़ा और निस्संदेह बदला हुआ इंसान बनाया।